卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण


♦वर्ष 26 ♦अंक 127 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦12 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## युवक युवती की पत्थरों से कुचलकर हत्या

### मंडी परिसर के भीतर लहूलुहान हालत में मिलने शव, पुलिस जांच में जुटी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बरेली रोड़ पर शहर की गल्ला मंडी परिसर के भीतर एक युवक और युवती के लहूलुहान शव मिलने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। आज सुबह सूर्य के उदय होते ही शव दिखने पर क्षेत्र में सनसनी पैदा हो गई और वहां पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। प्रथम दृष्टया दोनों की पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। हालांकि पुलिस ने



अभी आधिकारिक रूप से हत्या की पुष्टि नहीं की है और मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हलचल मच गई। एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ अमित कुमार और कोतवाल विजय मेहता ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद लोगों से घटना के संदर्भ में आवश्यक जानकारी ली। पुलिस ने तत्काल क्षेत्र को घेराबंदी कर सील कर दिया तथासाक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। अधिकारियों के अनुसार दोनों मृतकों की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटनास्थल से संदिग्ध साक्ष्य और वह पत्थर भी बरामद किया गया है जिससे वार किए जाने की आशंका है। मंडी के व्यापारियों और मजदूरों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। प्रारंभिक तौर पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## अर्जुन हत्याकांड के दोनों शूटर मुठभेड़ में गिरफ्तार

देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून के चर्चित तिब्बती मार्केट हत्याकांड में दून पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो अलग-अलग मुठभेड़ों के बाद हत्याकांड को अंजाम देने वाले दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। रायपुर के लाडपुर जंगल और लालतप्पर क्षेत्र में हुई इन मुठभेड़ों के दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है,



जिन्हें इलाज के लिए कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने दो देसी तमंचे और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद की है। पूछताछ में बदमाशों ने तिब्बती मार्केट में अर्जुन शर्मा की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली है।घटनाक्रम के (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना मुख्य लक्ष्य: धामी

### सीएम धामी ने किया सड़क चौड़ीकरण का शिलान्यास

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मिट्ठीबेरी -परवल मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता



दोहराई और सहसपुर की जनता को करोड़ों की योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने कहा कि सड़कों का यह जाल न केवल आवागमन सुगम बनाएगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती प्रदान करेगा।अपने संबोधन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ष्हमारी सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रही है। हमारा एकमात्र लक्ष्य उत्तराखंड को देश का अग्रणी और सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चल रही डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज उत्तराखंड के दूरस्थ गांवों (शेष पृष्ठ सात पर)

## चुनाव के लिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रही भाजपा: प्रीतम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बाद देर शाम कांग्रेस विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह हल्द्वानी पहुंचे, जहाँ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते



हुए प्रीतम सिंह ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह मुस्लिम यूनिवर्सिटी जैसे विषयों को उछालकर प्रदेश का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। प्रीतम सिंह ने स्पष्ट किया कि 2022 के चुनाव के दौरान कांग्रेस द्वारा मुस्लिम यूनिवर्सिटी खोलने की बात पूरी तरह निराधार थी। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि यदि कोई हरीश रावत का ऐसा बयान दिखा दे तो वह राजनीति छोड़ देंगे। (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर युवक युवतियों एवं ड्राईवर की आवश्यकता है।
-:संपर्क करें:- 8433432291

## नशेड़ियों के अड्डों पर चला बुलडोजर ,जर्जर इमारतें जमींदोज

### भारी हंगामे के बीच ध्वस्तीकरण की कार्रवाई; पार्किंग, मॉल और हॉल निर्माण का रास्ता साफ

किच्छा (उद संवाददाता)। शहर के बीचों-बीच जिला पंचायत की बेशकीमती भूमि पर लंबे समय से संचालित हो रहे नशेड़ियों के अड्डों और जर्जर भवनों को आज प्रशासन ने भारी विरोध के बीच ध्वस्त कर दिया। जिला पंचायत प्रशासन की इस बड़ी कार्रवाई से अवैध





कब्जाधारकों में हड़कंप मच गया। पिछले लंबे समय से ये जर्जर भवन अपराधियों और नशेड़ियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन चुके थे, जिससे स्थानीय जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। हमले के बाद शुरू हुई कार्रवाई की तैयारी विगत दिनों इसी परिसर के पास स्थित फास्ट फूड मार्केट में एक नशेड़ी द्वारा एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया था। इस घटना के बाद स्थानीय जनता और व्यापारियों ने प्रशासन पर इन जर्जर इमारतों को गिराने का भारी दबाव बनाया था। इसी के अनुपालन में आज प्रातः जिला पंचायत परिषद के अधिकारी बुलडोजरों और भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान नगर पालिका और तहसील प्रशासन ने भी कानून व्यवस्था (शेष पृष्ठ सात पर)

## मामा ने साथी युवक के साथ मिलकर भांजी से किया दुष्कर्म

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां एक कलयुगी मामा ने युवक के साथ मिलकर अपनी ही भांजी को हवस का शिकार बनाया। पीड़िता की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटनाक्रम के अनुसार, बैकुंठपुर निवासी अविनाश विश्वास ने वर्ष 2024 में पीड़िता को नौकरी का झांसा देकर रुद्रपुर के एक होटल में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार युवती का शारीरिक शोषण करता रहा।परेशान होकर युवती ने जब अपने सगे मामा को आपबीती सुनाई, तो उसने मदद का ढोंग रचा। मामा ने कुमाऊं कमिश्नर से शिकायत कराने के बहाने 21 मार्च 2025 को युवती को नैनीताल ले जाकर होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया। दरिंदगी की हदें तब पार हो गईं जब 10 सितंबर 2025 को दोनों आरोपियों ने घर में घुसकर युवती के साथ सामूहिक (शेष पृष्ठ सात पर)

## ऐतिहासिक होगा एक साल बेमिसाल का उत्सव: महापौर

### सीएम धामी रूद्रपुरवासियों को देंगे 100 करोड़ की सौगात

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम के एक वर्ष के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में आगामी 14 फरवरी से आयोजित होने जा रहा 'एक साल बेमिसाल' उत्सव बेहद ऐतिहासिक और भव्य होगा। भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए महापौर ने इस दस दिवसीय भव्य आयोजन की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उन्होंने बड़े उत्साह के साथ बताया कि इस महोत्सव का विधिवत शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर न केवल उत्सव की शुरुआत करेंगे, बल्कि शहरवासियों को भव्य त्रिशूल चौक का उपहार देने के साथ-साथ 100 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं की बड़ी सौगात भी देंगे। महापौर ने कार्यक्रम के प्रथम दिन की जानकारी देते हुए बताया कि 14 फरवरी को दोपहर 2:30 बजे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सबसे पहले नवनिर्मित त्रिशूल चौक पहुंचेंगे, जहां वे विशाल एवं भव्य त्रिशूल का विधिवत लोकार्पण करेंगे। यह क्षण शहर के लिए आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि मुख्यमंत्री वहां हरिद्वार से गंगाजल




लेकर लौटने वाले शिवभक्त कांवड़ियों का भव्य स्वागत-सत्कार भी करेंगे। इसके तत्काल पश्चात मुख्यमंत्री के सान्निध्य में त्रिशूल चौक से एक विशाल 'शिव बारात' निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरेगी। इस शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक दलों और स्थानीय नागरिकों द्वारा पारंपरिक वाद्य यंत्रों और रीति-रिवाजों के साथ मुख्यमंत्री का भव्य अभिनंदन किया जाएगा। शिव बारात के समापन के बाद मुख्यमंत्री गांधी पार्क पहुंचेंगे, जहां वे 10 दिवसीय 'यूएस नगर कार्निवल' और 'सरस मेले' का उद्घाटन करेंगे। इसी मंच से मुख्यमंत्री जनपद के विकास को नई गति देने वाली 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। शाम के समय मुख्यमंत्री गांधी पार्क में ही श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल द्वारा आयोजित किए जा रहे विशाल शिव जागरण का भी ज्योत जलाकर शुभारंभ करेंगे। मेले के स्वरूप पर चर्चा करते हुए महापौर ने बताया कि यहाँ 150 से अधिक व्यावसायिक और प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें से 25 स्टॉल विशेष रूप से महिला (शेष पृष्ठ सात पर)

# मदनी के ट्रस्ट की भूमि प्रकरण की जांच पड़ताल शुरू

## सीएम धामी ने की रिपोर्ट तलब : सुरक्षा कारणों से मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाने पर आईएमए की आपत्ति के बाद ग्राम हरियावाला धौलास में बेची जा रही कृषि भूमि





देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी यानि आईएमए की सुरक्षा को ताक में रख कर इस्लामिक संस्था द्वारा कृषि भूमि को बिना लैंड यूज कराए बेच दिए जाने का मामला देहरादून में सामने आने से चर्चा में है। खास बात ये है कि उक्त प्रकरण शेखुल हिंद एजुकेशन चेरिटेबल ट्रस्ट से जुड़ा है। इस ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ महमूद असद मदनी है। जो कि दारुल उलूम देवबंद और जमीयत उलेमा ए हिंद के नेता और राज्यसभा सदस्य भी रहे है। ये मामला सुर्खियों में आने के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी ने गृह सचिव शैलेश बगौली के जरिए जिला प्रशासन से रिपोर्ट तलब की है। डीएम सविन बंसल ने बताया कि एसडीएम विकास नगर विनोद कुमार को इस भूमि प्रकरण पर जांच रिपोर्ट मांगी गई है प्रारंभिक रिर्पोट के अनुसार महमूद असद मदनी के शेखुल हिन्द ट्रस्ट द्वारा खरीदी गयी भूमि जॉच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया है कि ट्रस्ट द्वारा 15 व्यक्तियो को बड़े भूखण्ड के रूप में भूमि विक्रय की गयी हैं तथा इन 15 व्यक्तियो द्वारा अन्य लोगो को छोट-छोटे टुकडे में भूमि लगभग 70-80 व्यक्तियों को विक्रय किया जाना प्रकाश मे आया है। इस प्रकरण में ज0वि0अधि0 की धारा 166/167 के अन्तर्गत कार्यवाही हेतु नोटिस जारी किये जा रहे हैं तथा 166/167 के तहत सम्पूर्ण जमींन को सरकार में निहित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। दरअसल नारायण दत्त तिवारी की कांग्रेस सरकार ने शेखुल एजुकेशन चेरिटेबल ट्रस्ट जिसका पता 1 बहादुर शाह जफर मार्ग दिल्ली बताया गया है ,उक्त ट्रस्ट को भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून के पास इस्लामिक शिक्षण संस्थान खोले जाने की प्रारंभिक अनुमति दी थी। इस के अध्यक्ष डा महमूद असद मदनी है। बताया जाता है कि ट्रस्ट यहां देवबंद दारुल उलूम की तरह विशाल मदरसा अथवा मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाने जा रहा था, जिसके लिए ट्रस्ट द्वारा 20 एकड़ भूमि ग्राम हरियावाला धौलास पछुवा दून परगना विकासनगर देहरादून में धारित भूमि किसानों से ली गई थी और साथ ही कुछ और ग्राम समाज और वन विभाग की सरकारी विभागों की भूमि पर भी कथित रूप से कब्जा किया गया था। जानकारी के अनुसार इंडियन मिलिट्री एकेडमी (आईएमए) को जब यहां उक्त इस्लामिक शिक्षण संस्थान खोले जाने के प्रयासों की जानकारी मिली तो उनके द्वारा उत्तराखंड की तत्कालीन कांग्रेस की तिवारी सरकार के समक्ष आपत्ति दर्ज की गई।जिसके बाद इस योजना पर कई माहों तक रोक लगी रही। कांग्रेस सरकार के बाद आई बीजेपी सरकार के समय ये मामला ठंडे बस्ते में रहा उसके बाद जब पुन: कांग्रेस की सरकार आई तो एक बार फिर से यहां इस्लामिक शिक्षण संस्थान खोले जाने के लिए हलचल तेज हुई। ट्रस्ट के अध्यक्ष महमूद हसन मदनी द्वारा मामला उत्तराखंड उच्च न्यायालय में ले जाया गया जो कि कई माहों तक चला जहां उन्हें कोई राहत नहीं मिली और इसके पीछे सबसे बड़ी वजह आईएमए की आपत्ति ही रही। हाई कोर्ट ने इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए राज्य सरकार को और ट्रस्ट को ये निर्देश दिए थे कि उक्त भूमि का लैंड यूज चेंज नहीं किया जाएगा और ये कृषि भूमि ही रहेगी और यदि बेची जाएगी तो भी कृषि भूमि ही रहेगी और इससे जो पैसा आयेगा वो भी ट्रस्ट में सामाजिक कार्यों में लगाया जाएगा। दरअसल इस निर्देश के पीछे तर्क ये दिया गया था कि आई एम ए एक संवेदनशील स्थान है आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से इसके कैंपस के आसपास न तो आबादी की बसावट की जानी चाहिए और न ही व्यापारिक गतिविधियां यहां से संचालित होनी चाहिए। इसकी सीमा भारतीय सैन्य अकादमी के लगी हुई है जहां अकादमी के कैडेट्स अभ्यास करते है। गौरतलब बात ये है ट्रस्ट की ओर से हाई कोर्ट में दी गई याचिका संख्या 1918( एम एस)/2007 ट्रस्ट बनाम राज्य व अन्य के निर्देशों के बाद राज्य सरकार के राजस्व विभाग के अपर सचिव जे पी जोशी ने 19जुलाई 2016 को डीएम देहरादून को पत्र लिख कर कहा कि हाईकोर्ट के द्वारा पारित आदेश 8/6/2010 के अनुपालन में शासनादेश 150/राजस्व/ 2004/15/ 3/2004 के संदर्भ में उक्त ट्रस्ट की कृषि भूमि को अकृषि नहीं किया जाएगा। जानकारी के अनुसार ट्रस्ट ने देहरादून स्थित रईस अहमद नाम के व्यक्ति को पावर ऑफ अटॉर्नी दी हुई थी अब उक्त 20 एकड़ भूमि पर मुस्लिम बस्ती बसाने के लिए सड़क डाल कर और बिजली के खंभे खड़े करके प्लॉटिंग की जा रही है। जानकारी के मुताबिक हरियाला वाला कि प्रधान रही रजनी देवी ने इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन के समक्ष 2016 में कई बार लिखित रूप में भी दर्ज करवाई गई थी। उस समय तो प्रशासनिक दबाव में ये प्रकरण ठंडे बस्ते में पड़ा था किंतु कुछ माह बाद उक्त भूमि को बेचा जाने लगा। जानकारी के मुताबिक यहां ट्रस्ट द्वारा इस्लामिक शिक्षण संस्थान खोले जाने के उद्देश्य से वीर सिंह पुंडीर,मंगत राम,कला चंद, हितेंद्र नारायण,महेंद्र सिंह, रणबीर सिंह, लक्ष्मी थापा, कुंती देवी, विक्रम सिंह, बीना ठाकुर, चरण सिंह, सत्येंद्र कुमार, बलवीर सिंह, मदन सिंह, भगवान सिंह, आलोक कुमार, मनजीत सिंह, संदीप कुमार, धर्म सिंह, गुलाब सिंह, रतन देई, जोगेंद्र सिंह आदि से 20 एकड़ कृषि भूमि ली गई थी। ट्रस्ट द्वारा रईस अहमद को पावर आफ एटर्नी देकर मुस्लिम समुदाय को भूमि बेची जा रही है।अब तक मंजर आलम, शहजाद अली, आसिफ, ताहिर खान, अमजद अली, मोहम्मद तारिक, साहिल अहमद, मोहम्मद इरशाद, शहजाद अली, सलीम अहमद,नवाब नसीम, मोहम्मद शोएब आदि के नाम भूमि बिक्री के बाद दाखिल खारिज भी हो चुका है। भू दस्तावेजों को देख कर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि हिंदू किसानों से ली गई भूमि पर मुस्लिम समुदाय की बसावट हो रही है, यानि योजनाबद्ध तरीकों से डेमोग्राफी चेंज की साजिश रची जा रही है तो क्या इसके पीछे दारुल उलूम, जमीयत उलेमा ए हिंद या महमूद मदनी का शेखुल हिंद एजुकेशन चेरिटेबल ट्रस्ट की कोई योजना काम कर रही है ? स्मरण रहे कि ये आईएमए के साथ जुड़ी हुई है। यहां ज्यादातर वो मुस्लिम है जोकि बाहरी राज्यों से आए हुए है। इस बारे में स्थानीय ग्राम सभा के प्रतिनिधियों द्वारा भी जिला प्रशासन को कई शिकायती पत्र भी दिए गए ऐसी भी जानकारी मिली है कि आई एमए द्वारा भी कई बार प्रशासन को इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई गई किन्तु कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

# उत्तराखंड में डेमोग्राफी चेंज का जनक है मदनी : चमोली

## भाजपा प्रवक्ता विनोद चमोली ने कांग्रेस पर उठाये सवाल : शेखुल एजुकेशनल चेरिटेबल ट्रस्टी है महमूद असद मदनी ,जो खोलना चाहते थे देहरादून में दारुल उलूम जैसी यूनिवर्सिटी



देहरादून। सहसपुर क्षेत्र में भारतीय सैन्य अकादमी के पास शेखुल एजुकेशनल चेरिटेबल ट्रस्ट की 20 एकड़ भूमि का विवाद इन दिनों सुर्खियों में है। उक्त भूमि ट्रस्ट द्वारा देवबंद की दारुल उलूम जैसा विशाल भव्य इस्लामिक शिक्षण संस्थान या यूनिवर्सिटी खोले जाने के लिए ली थी और इसकी एन ओ सी भारतीय सैन्य अकादमी की आपत्ति के बाद ठंडे बस्ते में चली गई। उक्त ट्रस्ट के ट्रस्टी जमीयत उलेमा हिंद और दारुल उलूम देवबंद के स्कॉलर डॉ महमूद असद मदनी है, जोकि उत्तराखंड के विषय में दिए गए अपने बयानों की वजह से विवादों में रहे है। बीजेपी का आरोप है कि हरीश रावत सरकार के दौरान इसके लिए पुन: प्रयास हुए किंतु ट्रस्ट के मनसूबे आई एम ए की वजह से सफल नहीं हुए। बीजेपी ने 2022 में कांग्रेस द्वारा पछुवा दून यानी सहसपुर में मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाए जाने का मुद्दा चुनावी मुद्दा भी बना। जिसे लेकर हरीश रावत से लेकर सभी कांग्रेस खंडन करते रहे। किंतु ये मुद्दा अब प्रमाण सहित सामने आ जाने से कांग्रेस असहज की स्थिति में पहुंच गई है, बीजेपी लगातार कांग्रेस को इस मुद्दे पर घेर रही है। कांग्रेस नेता भी इस विषय को स्वीकार कर रहे है कि हां तिवारी सरकार के दाएं उक्त ट्रस्ट की भूमि पर विवाद उठे थे। भाजपा के प्रवक्ता और विधायक विनोद चमोली ने कांग्रेस से इस प्रकरण पर कई सवाल पूछे ,उन्होंने कहा कि कांग्रेस क्यों नहीं कहती शेखुल एजुकेशनल चेरिटेबल ट्रस्ट महमूद असद मदनी का है ? जिसका पता 1 बहादुर शाह जफर मार्ग नई दिल्ली बताया गया है। श्री चमोली ने पूछा कांग्रेस क्यों नहीं इस बात को स्वीकार करती कि देहरादून में 20 एकड़ भूमि पर कांग्रेस सरकार दारुल उलूम की तरह इस्लामिक शिक्षण संस्थान या मुस्लिम यूनिवर्सिटी खोले जाने के लिए महमूद मदनी के प्रयासों का समर्थन किया ? उन्होंने कहा कि कांग्रेस बताए कि क्या महमूद असद मदनी वो शख्स है जोकि हल्द्वानी बनभूलपुरा में सरकारी भूमि पर अब्दुल मलिक के अवैध कब्जे को मदरसा की भूमि बताता है ? क्या महमूद मदनी वही शख्स है जोकि बनभूलपुरा की अवैध कब्जे को मदरसा मस्जिद की भूमि पर कब्जा हटाने के विरोध में गृह मंत्री श्री अमित शाह को पत्र लिखता है ? उन्होंने पूछा कि क्या महमूद असद मदनी वो ही व्यक्ति नहीं है जोकि जमीयत उलेमा हिंद का कर्ताधर्ता है और बनभूलपुरा हिंसा के आरोपियों को हाई कोर्ट में वकील पैरवी का खर्चा उठाता है ? श्री चमोली ने कांग्रेस से सवाल कर पूछा कि क्या महमूद असद मदनी वो ही व्यक्ति है जोकि उत्तराखंड के कई मदरसों को अपनी संस्थाओं से फंडिंग करवाता है? इस मामले मे अब विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रविदेव आनंद ने भी सवाल उठाए है और ये कहा है जमीयत उलेमा हिंद के महमूद असद मदनी देवभूमि उत्तराखंड में हमेशा अशांति फैलाने वालों को संरक्षण देती आई है हल्द्वानी बनभूलपुरा हिंसा के आरोपियों को आर्थिक मदद देने वाले डॉ मदनी उत्तराखंड में डेमोग्राफी चेंज के जनक है। आई एम ए से लगी भूमि पर मदनी, दारुल उलूम की तरह इस्लामिक शैक्षिक संस्थान बनाने जा रहे थे जोकि उनकी यहां डेमोग्राफी चेंज का हिस्सा थी।

### भूमि की नापजोख करने प्रशासन की टीम पहुंची

देहरादून। सहसपुर धौलास ग्राम क्षेत्र डॉ मदनी के शेखुल ट्रस्ट की भूमि के दस्तावेजों की जांच और जमीनी नापजोख करने एसडीएम विकास नगर विनोद कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के दल बल के साथ पहुंचे उप जिलाधिकारी ने पटवारियों ,कानूनगो आदि की मदद से जमीन पर फीते आदि लगाए। एसडीएम ने इस मामले में कहा कि डीएम के निर्देशों के तक अभी इस प्रकरण की जांच पड़ताल की जा रही है। इसकी रिपोर्ट उनके माध्यम से शासन को प्रेषित की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस मामले में हमने प्रशासनिक जांच के आदेश दिए है, कांग्रेस की मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाए जाने की योजना का सच सामने आ गया है। हमारी सरकार इस मामले में जो भी कानूनी पहलु होगा उसके अनुसार विधिपूर्वक कारवाई करेगी।

# 'गौदान' फिल्म समाज में गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ायेगी : धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित सेन्ट्रियो मॉल, हाथीबड़कला में गाय संरक्षण पर आधारित फिल्म 'गौदान' का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने फिल्म की विषयवस्तु को भारतीय संस्कृति, ग्राम्य जीवन और गौ-संवर्धन की परंपरा से जुड़ा अत्यंत सार्थक एवं प्रेरणादायी प्रयास बताया।मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता को विशेष स्थान प्राप्त है। गाय केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जैविक कृषि, पोषण एवं पर्यावरण संरक्षण की आधारशिला भी है। 'गौदान' जैसी फिल्में समाज में गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आधारित इस फिल्म को राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड में टैक्स फ्री किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस फिल्म को देख सकें और गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता का व्यापक





प्रसार हो सके। उन्होंने कहा कि यह निर्णय समाज में सकारात्मक संदेश देने वाली फिल्मों को प्रोत्साहित करने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश में गौशालाओं के सुदृढ़ीकरण, निराश्रित गोवंश के संरक्षण, पशुपालकों को प्रोत्साहन तथा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सरकार का लक्ष्य है कि गौ आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त कर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जाए।फिल्म के निर्माता श्री विनोद कुमार चौधरी सहित पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की पावन भूमि कला, साहित्य और संस्कृति की समृद्ध धरोहर रही है। राज्य सरकार उत्तराखण्ड को फिल्म निर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रभावी फिल्म नीति लागू की गई है, जिसके अंतर्गत फिल्म निर्माताओं को आकर्षक सब्सिडी, सिंगल विंडो क्लीयरेंस, शूटिंग हेतु सरल अनुमति प्रक्रिया तथा स्थानीय कलाकारों एवं तकनीशियनों को प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा फिल्म विकास परिषद को सशक्त किया गया है तथा फिल्म स्टूडियो एवं आधारभूत संरचना के विकास की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है।मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि 'गौदान' जैसी प्रेरक फिल्में समाज को सकारात्मक संदेश देंगी, गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाएंगी तथा उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, श्री गणेश जोशी, श्रीमती रेखा आर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# रुद्रपुर में प्लांट हेड पर जानलेवा हमला,50 हजार की रंगदारी न देने पर दी जान से मारने की धमकी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक निजी कंपनी के प्लांट हेड पर जानलेवा हमले और रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कंपनी से निकाले गए एक पूर्व कर्मचारी ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर हाईवे पर प्लांट हेड की चलती कार को घेर लिया और तमंचे व रॉड से हमला कर दिया। पीड़ित ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और अब पुलिस से सुरक्षा व कार्रवाई की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, शिमला पिस्तौर स्थित शनिशांत प्रिंट पैक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेडश के प्लांट हेड सुभाष सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी कंपनी में पूर्व में अंकित सिंह ठाकुर उर्फ विवेक सिंह निवासी सैंजनी बतौर हेल्पर काम करता था। अंकित की आपराधिक प्रवृत्ति और मारपीट की शिकायतों के चलते कंपनी ने वर्ष 2025 में उसे नौकरी से निकाल दिया था। तभी से अंकित उनसे रंजिश रखने लगा था और उन्हें देख लेने की धमकी देता रहता था। पीड़ित के अनुसार, 31 जनवरी 2026 की सुबह जब वह अपनी एक्सयूवी 700 कार संख्या यूके 06बीएम 3487) से कंपनी जा रहे थे, तभी किच्छा हाईवे से उतरते ही दो बिना नंबर की मोटरसाइकिलों पर सवार अंकित और उसके छह साथियों ने उनकी गाड़ी को जबरन रोक लिया। आरोपियों के हाथों में लोहे की रॉड और देसी तमंचे थे। अंकित ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि उसे कंपनी से निकालकर बदनाम किया गया है और अब इसका परिणाम भुगतना होगा। आरोप है कि अंकित ने प्लांट हेड से कंपनी चलाने के बदले हर महीने 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगी और मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। हमलावरों ने कार के शीशे तोड़कर सुभाष सिंह को जबरन बाहर खींचने की कोशिश की, लेकिन चालक संतोष सिंह ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह गाड़ी को वहां से निकाल लिया। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने तुरंत 112 नंबर पर सूचना दी, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। जाते-जाते आरोपियों ने शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। इस जानलेवा हमले से डरे हुए प्लांट हेड ने अब कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा नेता विवेक सक्सेना ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दी आत्मदाह की चेतावनी

पंतनगर (उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय में ठेका कार्य को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी विवेक सक्सेना ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें शीघ्र न्याय नहीं मिला और उनके बकाये का भुगतान नहीं हुआ, तो वह आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे। विवेक सक्सेना के अनुसार उनकी फर्म मैसर्स श्रीराम कंस्ट्रक्शन वर्ष 1992 से विश्वविद्यालय में निर्माण कार्य कर रही है। संबंधित कार्य का ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया के बाद 12 दिसंबर 2024 को कार्य अवार्ड हुआ और 21 मार्च 2025 को अनुबंध संपन्न हुआ था।सक्सेना ने बताया कि उपनिदेशक निर्माण के निर्देशों के क्रम में उन्होंने सॉइल टेस्टिंग और स्ट्रक्चर डिजाइन तैयार कर कार्य प्रारंभ किया था। अनुबंध के अनुसार कार्य शुरू करने की तिथि 21 मई 2025 और पूर्ण करने की तिथि 20 नवंबर 2026 निर्धारित थी। उन्होंने बताया कि मात्र दो माह में कार्य को काफी गति दी गई थी, लेकिन 9 जून 2025 को उपनिदेशक जलकर खंड ने कुलपति के आदेश का हवाला देते हुए अचानक कार्य बंद करा दिया। उनका आरोप है कि कार्य ठप होने के कारण उनके करीब 70 लाख रुपये फंस गए हैं। लगभग 10 से 15 लाख रुपये का कार्य पूर्ण कर लिया गया था, लेकिन उसका भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है।विवेक सक्सेना ने दावा किया कि उन्होंने भुगतान के लिए जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 के बीच कई बार लिखित पत्र दिए और मौखिक रूप से भी आग्रह किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय स्तर पर फाइल लंबित है और वित्त नियंत्रक स्तर पर भुगतान अटका हुआ है। मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच और बकाया भुगतान की मांग करते हुए उन्होंने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की भी अपील की है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा आत्मदाह की चेतावनी दिए जाने के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में खलबली मच गई है।

# क्षेत्र के प्रसिद्ध रंगकर्मी मनोरंजन बाछाड़ का निधन

दिनेशपुर। क्षेत्र के प्रसिद्ध बांग्ला जात्रा गान कलाकार और रंगकर्मी मनोरंजन बाछड़ का बुधवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मनोरंजन बाछड़ लंबे समय से जात्रा मंचन से जुड़े थे और अपनी दमदार अभिनय शैली व प्रभावशाली संवाद अदायगी के लिए पहचाने जाते थे। उन्होंने कई सामाजिक और पौराणिक कथाओं पर आधारित नाटकों में मुख्य भूमिका निभाई थी। क्षेत्र में जात्रा कला को नई पहचान दिलाने में



उनका महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है।उनके निधन की सूचना मिलते ही विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उनके आवास पहुंचे तथा परिजनों को ढांढस बंधाया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। मनोरंजन बाछड़ अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट पर किया जाएगा। क्षेत्र के कलाकारों और सांस्कृतिक प्रेमियों ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है। शोक व्यक्त करने वालों में सभासद राखाल मंडल, बिजय बाछाड़, रवि सरकार, कालीपद विश्वास, सुर्दशन, शिशिर तरफदार, सुकुमार सरकार समेत भारी संख्या में लोगों ने शोक व्यक्त किया।

# मुख्य मार्गो पर जमकर हो रही मांसाहारी खाद्यान्न की बिक्री

काशीपुर। कावड़ यात्रा को दृष्टिगत करते हुए नगर निगम द्वारा 11 फरवरी से 15 फरवरी तक मुख्य मार्गो पर कच्चे व पके मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश बेमानी साबित हो रहे हैं। बुधवार की रात मुरादाबाद रोड पर डिजाइन सेंटर के समीप देसी शराब की दुकान के पास मार्ग के दोनों ओर मांसाहारी खाद्यान्न के ठेलों पर ग्राहकों की भीड़ देखी गई। इसी तरह सहोता हॉस्पिटल के समीप पेट्रोल पंप के ठीक सामने ठेले पर मांसाहारी खाद्यान्न की देर रात तक बिक्री हुई। रेलवे स्टेशन के सामने बिरयानी की दुकान खुली पाई गई। कावड़ यात्रा के दौरान मार्ग में इस तरह से मांसाहारी खाद्यान्न की बिक्री निगम प्रशासन के लचर कार्य प्रणाली को दर्शाता है।उधर टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र व कटोरा ताल में घनी आबादी के बीच मुख्य मार्ग पर खुले में मांस की बिक्री जारी है। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में बाजपुर रोड पर प्राइवेट बस स्टैंड के ठीक सामने गली में एवं गांधी आश्रम रोड पर देर रात तक मांसाहारी खाद्यान्न की दुकानों पर शराबी नशे में उत्पात मचाते देखे जा रहे हैं। अलीगंज अड्डे के आसपास तथा दढियाल बस स्टैंड के समीप के इलाकों में पुलिस की निष्क्रियता है।

**आवश्यकता है**

एक कुशल अनुभवी एकाउण्टेंट की। जिसे जीएसटी+टैक्स का अच्छा अनुभव हो। वेतन योग्यतानुसार। शीघ्र आफिस पर सम्पर्क करें।

पता-एसटीसी वैन्चर महिन्द्रा शोरूम के सामने किच्छा बाईपास रोड,रूद्रपुर

-सम्पर्क सूत्र-

9548200711

8218640588

# तीन माह से वेतन न मिलने पर पैकेजिंग कंपनी के गेट पर श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

रुद्रपुर। किच्छा रोड स्थित एक पैकेजिंग कंपनी में कार्यरत श्रमिकों ने तीन माह से वेतन न मिलने के विरोध में बुधवार को फैक्ट्री गेट के बाहर ध



रना-प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए शीघ्र भुगतान की मांग उठाई।जानकारी के अनुसार शिमला पिस्तौर के पास स्थित वी के पैकेजिंग कंपनी के श्रमिकों का आरोप है कि ठेकेदार ओमकार द्वारा पिछले तीन महीनों से उनका वेतन नहीं दिया गया है। श्रमिकों का कहना है कि लगातार आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन भुगतान नहीं किया जा रहा, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कई श्रमिकों ने बताया कि वे अपने बच्चों की स्कूल फीस तक जमा नहीं कर पा रहे हैं। श्रमिकों ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी का सुपरवाइजर गिरीश ठेकेदार के साथ मिला हुआ है और उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। जब भी वेतन की मांग की जाती है तो ठेकेदार की ओर से यह कहकर टाल दिया जाता है कि कंपनी की तरफ से भुगतान नहीं हुआ है, इसलिए मजदूरी नहीं दी जा सकती। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल रहे। श्रमिकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनका बकाया वेतन नहीं दिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन और धरना देने वालों में संगीता देवी, देवकी, गंगा देवी, भगवती, लक्ष्मी, तारावती, शारदा, कुलजिंदर, चन्द्रकला, सोमतवी, सुमन, ज्ञानवती, बीना, बबीता, छाया, सुनैना, आरती, राजीव, शिव कुमार, शिवम, संजय कुमार, प्रकाश चौधरी, डोरी लाल, नसीम, बृजेश कुमार, शिव कुमार, सुमित, सूरज पाल, देवेन्द्र कुमार, बाबू राम, फौजाना, आदि मौजूद थे।

# बसंती देवी मां दुर्गा मंदिर के सौंदर्योकरण हेतु 29 लाख की धनराशि हुई स्वीकृत

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के विशेष प्रयासों से शक्तिफार्म क्षेत्र के ग्राम सभा रुदपुर (जेल कैंप) को एक बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में क्षेत्र की धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र, प्रसिद्ध बसंती देवी मां दुर्गा मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु शासन द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मंदिर की महत्ता और स्थानीय जनभावनाओं को देखते हुए ग्रामीणों ने इसके जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की मांग कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के समक्ष रखी थी, जिसे उन्होंने प्राथमिकता के साथ मुख्यमंत्री के सम्मुख प्रस्तुत किया था।तकनीकी समिति के परीक्षण और संस्तुति के पश्चात शासन ने इस कार्य के लिए 29.06 लाख रुपये की धनराशि मंजूर की है। उत्तराखंड शासन के सचिव धीरज सिंह गर्ज्याल द्वारा इस संबंध में पर्यटन निदेशालय को आदेश जारी कर दिए गए हैं। मंदिर के सौंदर्यीकरण का यह महत्वपूर्ण कार्य कुमाऊं मंडल विकास निगम के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा। इस स्वीकृति के बाद मंदिर परिसर में आवश्यक जनसुविधाओं और



बुनियादी ढांचे का विकास किया जा सकेगा, जिससे यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव प्राप्त होगा। बसंती देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण की राह साफ होने पर क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी उत्साह और खुशी की लहर है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए ग्राम प्रधान रितु वैध, मनोज सरकार, डॉ. संजय बाछाड़, रवि हीरा, आनंद मंडल, सुकुमार वैध, प्रशांत मंडल और दिनेश बाला सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य व्यक्तियों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कार्य से न केवल मंदिर की भव्यता बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को भी नई पहचान मिलेगी।

# हाईवे पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से वृद्धा की मौत

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। नेशनल हाईवे 74 पर एक तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग महिला को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कनटोपा गांव निवासी 85



वर्षीय गुरीदासी पत्नी हरलाल बुधवार को हाईवे से पैदल अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान धौलपुर के पास गदरपुर की ओर से आ रही एक अनियंत्रित कार ने सड़क पार कर रही वृद्धा को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वृद्धा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर भेज दिया। थानाध्यक्ष रविंद्र बिष्ट ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के माध्यम से पुलिस को दुर्घटना में शामिल कार का नंबर मिल गया है। पुलिस आरोपी चालक और वाहन की तलाश में जुट गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हादसे के बाद से मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# छात्राओं को पोषण, स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नीति आयोग और मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी के दिशा-निर्देशों पर जनपद के सभी विकास खंडों में 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक संपूर्णता अभियान 2.0 का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में आकांक्षी विकास खंड गदरपुर सहित जनपद के विभिन्न स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर किशोर बालिकाओं के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों में मुख्य रूप से पोषण, बालिका शौचालय, स्वच्छता की महत्ता और स्वच्छ पेयजल से संबंधित विषयों का प्रदर्शन किया गया। गदरपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी केएस रावत, खंड विकास अधिकारी आतिया परवेज और खंड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम ने छात्राओं के सम्मुख विचार रखते हुए अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।जनपद के सभी विकास खंडों में खंड



शिक्षा अधिकारियों को इस कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। अभियान के तहत थारू राजकीय इंटर कॉलेज खटीमा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सितारगंज, फाजिलपुर मेहरूला रुद्रपुर, गदरपुर, बाजपुर, काशीपुर और जसपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पिकिंस फाउंडेशन, अजीम प्रेम जी फाउंडेशन, आईसीडीएस सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों ने बालिका स्वास्थ्य, जल संरक्षण, संतुलित आहार, विटामिन व आयरन की महत्ता और शौचालय स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला।विभिन्न विकास खंडों में आयोजित इन कार्यक्रमों में विषय विशेषज्ञों ने छात्राओं के साथ सीधा संवाद किया। खटीमा में खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप व आईसीडीएस सुपरवाइजर मीरा जोशी, सितारगंज में प्रधानाचार्य अर्चना पाठक, रुद्रपुर में शुभा रावत, बाजपुर में डॉ. अशोक तोमर व पूजा आर्या, काशीपुर में नन्दा प्रकाश और जसपुर में रिचा गुप्ता ने छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस दौरान छात्राओं ने लघु नाटक, चित्रकला, पोस्टर और कार्टून के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और स्वच्छता व स्वास्थ्य की शपथ भी ली।

# मुख्यमंत्री ने की राज्य में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं की समीक्षा

## एस्केप टनल को समानांतर सड़कों के रूप में विकासित करने एवं टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन परियोजना पर भी तेजी से कार्य करने के निर्देश

देहरादून। राज्य में प्रस्तावित रेल परियोजनाओं में टनल के साथ बनने वाले एस्केप टनल को समानांतर सड़कों ( पैरेलल रोड्स) के रूप में विकसित किया जा सके, इसकी व्यवस्था बनाई जाए। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना में बनी एस्केप टनल का भविष्य में किस प्रकार इस्तेमाल किया जा सकता है, इसपर भी कार्य योजना तैयार जाए साथ ही कर्णप्रयाग से बागेश्वर तक रेल लाइन के विस्तार की संभावना पर भी कार्य किया जाए।यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में राज्य में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित रेल परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान दिए।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन परियोजना पर भी तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा उक्त परियोजना के अंतर्गत विभिन्न वैकल्पिक मार्गों पर भी विचार किया जाए। उन्होंने कहा परियोजना के निर्माण कार्य से अधिकांश क्षेत्र एवं जनता लाभान्वित हो सके इसके लिए अल्मोड़ा एवं सोमेश्वर क्षेत्र को भी जोड़ने की संभावनाओं पर कार्य किया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा केंद्र सरकार से टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किए जाने का आग्रह किया जाए, जिससे इसके निर्माण कार्य को गति मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऋषिकेश कर्णप्रयाग परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों के लिए इंटीग्रेटेड प्लान बनाया जाए। जिससे इन रेलवे स्टेशनों के आसपास स्थानीय लोगों के लिए बाजार विकसित हो सके। उन्होंने कहा सभी निर्माणाधीन रेलवे स्टेशनों में स्वयं सहायता समूहों, राज्य की स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाए।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्तावित रेलवे स्टेशन के आसपास के क्षेत्र में अभी से लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाए उन्हें होमस्टे एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जन जागरूकता पर ध्यान दिया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन रेलवे स्टेशनों के आसपास स्थित विभिन्न गांव, कस्बों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के लिए भी रोड मैप तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों के आसपास के स्थानों का समुचित पुनर विकास किया जाए। ताकि रेल परियोजनाओं के निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भविष्य में बड़ी संख्या में उत्तराखंड आने वाले लोगों के आवागमन को सुविधाजनक बनाया जाए।बैठक में बताया गया कि ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 72.5 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है साथ ही टनल निर्माण का 95.30% कार्य पूरा हो गया है। इस परियोजना के अंतर्गत कुछ कल 28 टनलों का निर्माण किया है जिनमें से 16 मुख्य टनल एवं 12 एस्केप टनल हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों का निर्माण अलग-अलग थीम के आधार पर किया जा रहा है। जिसमें शिवपुरी स्टेशन को नीलकंठ महादेव, ब्यासी को महर्षि वेदव्यास, देवप्रयाग को समुद्र मंथन, जनासु को उत्तराखंड कल्चर, मलेथा को वीर माधो सिंह भंडारी, श्रीनगर को मां राजराजेश्वरी देवी, धारी देवी को मां धारी देवी, तिलनी को केदारनाथ, घोलतीर को पांच महादेव, गौचर को बाल गोविंद कृष्ण एवं कर्णप्रयाग को बद्रीनाथ मंदिर,राधा कृष्ण थीम पर आधारित निर्माण किया जा रहा है।टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन परियोजना के बारे में बताया गया कि परियोजना के अंतर्गत रेलवे द्वारा तीन सर्वेक्षण विकल्प प्रस्तावित किए गए हैं। साथ ही अन्य वैकल्पिक मार्गों एवं अल्मोड़ा और सोमेश्वर क्षेत्र को भी इस रेल मार्ग से जोड़ने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है।बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव ब्रजेश कुमार संत, पंकज पांडे, मुख्य परियोजना प्रबंधक हिमांशु बडोनी, विजय, ओम प्रकाश, सुमन सिंह, कल्याण सिंह भंडारी, सनत कुमार सिंह एवं वर्चुअल माध्यम से रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।





# पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में पूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में पूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले 37 पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट कर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर छह दशक पूर्व इस विद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र भी शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान पूर्व छात्रों ने अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को ताजा करते हुए गुरुजनों के योगदान को याद किया और विषम परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त करने के अपने अनुभवों को वर्तमान विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए संघर्ष, अनुशासन व परिश्रम का महत्व समझाया।विद्यार्थियों के शैक्षिक और नैतिक विकास के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासन, सेना, पुलिस, बैंकिंग, शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति और सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े पूर्व छात्रों ने शिरकत की। तीन से छह दशक पूर्व विद्यालय से निकले इन छात्रों ने बताया कि उस दौर में सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को प्राथमिकता दी और आज वे विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हैं। उन्होंने छात्रों से आधुनिक सुविधाओं का सदुपयोग कर उज्ज्वल भविष्य निर्माण का आह्वान किया। प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय के पूर्व छात्र आज सरकारी सेवाओं और अन्य क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं, जिनके अनुभव विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे। उन्होंने विद्यालय में संचालित व्यवसायिक शिक्षा, एनसीसी और राष्ट्रीय सेवा योजना की उपलब्धियों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर विनोद कुमार, नवीन जोशी, जयंत मंडल, पंकज राय, निर्मल सरकार, केपी मंडल, लक्ष्मण सिंह, किशोर राय, जितेंद्र पांडे, मुनीश सक्सेना, कल्याणी घोष, तपन सरकार, जसवीर सिंह, निखिल हालदार, माखन मंडल, सब्यसाची हालदार, बिजन राय, विजय सिंह और शिवदास सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# मैगी के भारत में 50 साल पूरे करने पर स्मारक डाक टिकट जारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।नेस्ले इंडिया ने भारत में मैगी के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक विशेष उपलब्धि का जश्न मनाते हुए एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। यह डाक टिकट जिलाधिकारी नितिन भदौरिया तथा प्लांट प्रबंधक नेस्ले इंडिया पंतनगर अमित दुग्गल द्वारा संयुक्त रूप से कैम्प कार्यालय में अनावरण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह डाक टिकट मैगी की उस विकास यात्रा को समर्पित है, इस ब्रांड ने समय से आगे रहते हुए एक अत्यंत लोकप्रिय श्रेणी के पर्याय के रूप में अपनी पहचान बनाई और पीढ़ियों से लोगों को एक साथ लाने का निरंतर कार्य किया है। अमित दुग्गल ने कहा कि पिछले पाँच दशकों में मैगी ने नूडल्स और मसालों से लेकर सॉस, सूप और रेडी-टू-कुक पसंदीदा उत्पादों तक, कई स्वादिष्ट रूपों में भारतीय घरों में अपनी जगह बनाई है। झटपट बने अकेले भोजन से लेकर परिवार को एक साथ लाने वाले व्यंजनों तक, और हॉस्टल की रसोइयों से लेकर बड़े पारिवारिक आयोजनों तक, मैगी देश भर में अनगिनत भोजन पलों का हिस्सा रही है।"50 ईयर्स ऑफ टुगेदरनेस" डाक टिकट इन साझा अनुभवों को समर्पित है, जो उस अपनापन, सुकून और जुड़ाव को दर्शाता है, जिसे मैगी आज भी भारत भर की थालियों तक पहुँचाती है। डाक टिकट का शुभारंभ करते हुए, नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने कहा, भारत में मैगी के लिए यह वास्तव में एक विशेष उपलब्धि है। हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण देश में पाँच दशकों का सफर तय करना उस विश्वास, स्नेह और रोजमर्रा के प्रेम का प्रतीक है, जो लाखों उपभोक्ताओं ने इस ब्रांड पर निरंतर बरसाया है। यह उन साझा पलों, बदलते स्वादों और उस रिश्ते का उत्सव है, जो वर्ष दर वर्ष और पीढ़ी दर पीढ़ी और भी मजबूत होता गया है। नेस्ले इंडिया इस जुड़ाव को और देशभर में लोगों के दैनिक जीवन में गर्माहट, सुकून और साथ होने के पलों में निरंतर योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, वरिष्ठ प्रबंधक विशाल गर्ग, खनन अधिकारी मनीष कुमार आदि उपस्थि थे।



# नशा मुक्ति केंद्र में मिली भारी अनियमितताएं, लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश

## कमिश्नर ने किया निर्वाण उन्मूलन एवं पुनर्वास केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने बुधवार को निर्वाण उन्मूलन एवं पुनर्वास केन्द्र हीरानगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनेकों खामियां मिलने पर आयुक्त ने मौके पर निवार्ण केन्द्र का लाईसेंस निरस्त करने के निर्देश एसीएमओ को दिये। निर्वाण नशा केन्द्र में गाइडलाईन के अनुसार जो लोग नशे के आदी होते है उन्ही को नशा केन्द्रों में रखा जाता है लेकिन जो नशा नहीं करते हैं जो अन्य बीमारी से पीडित हैं उन्हें भी नशा मुक्त केन्द्र निवार्ण में रखा गया जो घोर अपराध है। साथ ही बिना अनुमति के महिला मरीजों को रखे जाने का भी मामला सामने आने पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। भारत सरकार से इसके संचालन हेतु बजट/धनराशि की सहायता उपलब्ध होने के बावजूद भी कुछ रोगियों से धनराशि लेने का प्रकारण प्रकाश में आया जिससे संबंधित किसी भी प्रकार के दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए इस संबंध में गुरुवार 11 बजे तक समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान यह भी आयुक्त के संज्ञान में आया कि उक्त हीरा नगर नशा मुक्ति केन्द्र में केवल पुरूषों के लिए स्वीकृति दी है जबकि नशा मुक्ति केन्द्र में महिला को रखा गया जिस पर आयुक्त ने गम्भीरता से लेते हुये नशा मुक्ति केन्द्र के खिलाफ कार्यवाही के साथ ही स्पष्टीकरण के निर्देश मौके पर दिये। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में केवल 30 मरीजों के उपचार हेतु शासन स्तर से निशुल्क स्वीकृति प्रदान है लेकिन केन्द्र में पंजिका के अनुसार 30 से अधिक लोगों का उपचार किया जाना पाया गया तथा उपस्थित रजिस्ट्रर में नाम दर्ज भी नही था। केन्द्र सरकार द्वारा एनजीओ के माध्यम से 30 लोगों का निशुल्क उपचार हेतु धनराशि मुहैया प्रत्येक माह की जाती है।, लेकिन मरीजों से धनराशि ली जाती थी जिसका कोई डाटा उपलब्ध नहीं था जिस पर आयुक्त ने मौके पर चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई और क्षेत्र में ऐसे नशामुक्ति केन्द्रों का नियमित चौंकिग करने के निर्देश दिये तथा सीसीटीवी कैमरों की 15 दिनों का डाटा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये। नशा मुक्ति केन्द्र जो भी संचालित होते है उसमें मानसिक चिकित्सक, फिजिशियन एव मेडिकल आफीसर अनिवार्य रूप से तैनाती के नियम व शर्ते हैं। लेकिन उक्त नशा मुक्ति केन्द्र में केवल मानसिक चिकित्सक की तैनाती है जो कि नियमित नही आते हैं और मरीजों को औषधि भी केन्द्र में कर्मचारियों द्वारा लिखी जाती है जो नियम विरूद्ध है। विगत दिनों जो महिला हीरानगर नशा मुक्ति केन्द्र में उपचार हेतु रखी गई थी जो नशे की आदी भी नही थी उनका डाटा मांगने पर कोई रजिस्टर में अंकन नही था जिस पर आयुक्त ने कडी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान काफी मरीजों के आधारकार्ड, पैनकार्ड एवं अन्य दस्तावेज मूल मे रखे जाने पर आयुक्त ने कडी आपत्ति दर्ज की और कहा कि मरीज केन्द्र छोडने के पश्चात उनके दस्तावेज रखना कानूनी अपराध है। निरीक्षण के दौरान मरीजों से धनराशि ली जाती है उक्त धनराशि का डाटा उपलब्ध नही होने पर आयुक्त ने संचालक को कड़ी चेतावनी दी और कहा कि सरकार द्वारा मरीजों का निशुल्क उपचार किया जाता है इसके एवज में सरकार द्वारा धनराशि भी दी जाती है मरीजो से धनराशि लेना घोर अपराध है। उन्होंने मौके पर उक्त नशा मुक्ति केन्द्र का लाइसेंस निरस्त करने निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्टेट गोपाल सिंह चौहान, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 श्वेता भण्डारी आदि उपस्थित थे।



SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पाण्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# महिलाओं से मंगलसूत्र झपटने वाला शातिर बदमाश दबोचा

## कब्जे से छीने गए कई आभूषण किये बरामद, साथी हुआ फरार



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। थाना मुखानी क्षेत्र सहित रामनगर में महिलाओं से मंगलसूत्र झपटने की घटनाओं का एसएसपी डॉ मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम द्वारा खुलासा कर एक शातिर चेन स्नेचर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि बाईक पर पीछे बैठा उसका साथी पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने पकड़े गए चेन स्नेचर के कब्जे से महिलाओं से छीने गए कई आभूषण बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट और आर्म्सएक्ट समेत कुल 10 मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 04 फरवरी 2026 को बीना पाठक, निवासी ऊंचापुल ने थाना मुखानी में तहरीर देकर बताया कि दो अज्ञात व्यक्ति उनकी दुकान पर सामान खरीदने के बहाने आए और झपट्टा मारकर उनके गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। इस संबंध में थाना मुखानी में मुकदमा दर्ज किया गया। इसी प्रकार 30 जनवरी 2026 को देवभूमि सैनिक कॉलोनी निवासी कमला देवी से पता पूछने के बहाने मंगलसूत्र झपटने की घटना हुई। इस मामले में भी मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके अलावा 06 फरवरी 2026 को रामनगर के पीरूमदारा क्षेत्र में विजलक्ष्मी से भी मंगलसूत्र झपटने की वारदात हुई, जिसमें कोतवाली रामनगर में मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि इन सभी घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने पुलिस अध ीक्षक मनोज कुमार कत्याल को तत्काल खुलासे और बरामदगी के निर्देश दिए। सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी और थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी के नेतृत्व में टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर आरोपियों की पहचान कीइ गई। एसएसपी ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि संदिग्ध आरोपी मोटरसाइकिल संख्या एच आर 29 ए एफ 2325 से कालाढूंगी की ओर से हल्द्वानी आ रहा है। कालाढूंगी रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक को रोकते हुए चालक को पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता फिरोज गांधी पुत्र नंदराम, निवासी पदमपुर थाना मिल्क खाना तहसील स्वार जिला रामपुर बताया जबकि बाईक पर पीछे बैठा उसका साथी जंगल की ओर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। आरोपी के कब्जे से चोरी के 02 पीली धातु के पेंडल बरामद किए गए हैं। एसएसपी ने बताया छानबीन करने पर पता चला कि बरामद मोटरसाइकिल रॉकी पुत्र प्रतीक सरदाना निवासी फरीदाबाद के नाम पंजीकृत है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने 30 जनवरी और 4 फरवरी को मुखानी क्षेत्र में तथा 06 फरवरी को रामनगर के पीरूमदारा क्षेत्र में महिलाओं से मंगलसूत्र झपटे थे। वह एक बार फिर वारदात को अंजाम देने हल्द्वानी आ रहा था, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया अभियुक्त फिरोज के विरुद्ध हल्द्वानी, मुखानी और रामनगर में कुल 05 मुकदमे दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त रामपुर (उत्तर प्रदेश) में हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट और आर्म्स एक्ट के 05 अलग-अलग मुकदमे दर्ज हैं। विस्तृत आपराधिक इतिहास की जानकारी संबंधित जनपद से जुटाई जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मुखानी सुशील चंद्र जोशी, थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर जगदीप नेगी, उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक अविनाश मौर्य सहित एसओजी व सीसीटीवी के हेका इसरार नबी, कांस्टेबल अनिल गिरी, राजेश बिष्ट, अरविंद सिंह, कुंदन कठैत, धीरज सुगड़ा, रोहित, पूरन सिंह, बंशीधर जोशी, कुंदन शाही, महबूब अली, गुलशन गिरी व राजेंद्र बिष्ट शामिल थे।

# शराब चोरी का पुलिस ने किया खुलासा,एक गिरफ्तार

काशीपुर/कुंडा। दुकान का ताला तोड़कर हुई हजारों की शराब चोरी का पुलिस टीम ने खुलासा करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी व चुराई गई शराब बरामद करने में सफलता पाई है। बीते 9 फरवरी को किलावली थाना कुंडा निवासी विजय कुमार पुत्र शीशपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 7 फरवरी को रोजाना की भांति वह दुकान बंद कर घर चला गया। इस दौरान घात लगाए चोरों ने देर रात्रि दुकान का ताला तोड़कर माल्टा देशी शराब की चार पेटियां चोरी कर ली और मौके से फरार हो गए। अगले दिन 8 तारीख को जब दुकानदार ने दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान के ताले टूटे हुए थे। दुकान के अंदर से देसी माल्टा ब्रांड शराब की चार पेटियां गायब थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की इस दौरान 10 फरवरी की रात रोजाना की भांति गश्त करते हुए मुखबिर ने पुलिस टीम को इस बाबत सटीक सूचना दी। मुखबिर की सूचना पर हरकत में आई पुलिस टीम ने डिग्री कॉलेज के पिछले गेट के समीप कचनाल गाजी इलाके से डिफेंस कॉलोनी मोहल्ला श्यामपुरम थाना आईटीआई निवासी गुरमीत सिंह पुत्र जज सिंह को घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 1250 रुपए नगद तथा 135 ट्रेटा पैक बरामद हुए। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल यतेंद्र सिंह रावत, कांस्टेबल रमेश बाग्याल, धर्मेंद्र भारती व अमिताभ सिजवाली शामिल रहे।



# महापौर ने यूएस नगर कार्निवल और सीएम के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महापौर विकास शर्मा का एक साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में गांधी पार्क में आयोजित होने वाले यूएस नगर कार्निवल सरस मेला और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर निगम प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। महापौर विकास शर्मा ने नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डेय, नगर निगम की टीम और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान महापौर ने अधि कारियों और कार्यकर्ताओं को दस दिवसीय इस आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने के लिए आवश्यक दिशा -निर्देश दिए। उन्होंने तैयारियों में जुटे अमरनाथ जी सेवा मंडल के पदाधि कारियों के साथ भी विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान महापौर विकास शर्मा ने बताया कि 14 फरवरी को उनके कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गांधी पार्क में दस दिवसीय यूएस नगर कार्निवल सरस मेला शुरू होने जा रहा है। इस महोत्सव का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री रुद्रपुर के विकास के लिए करोड़ों रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए महापौर ने बताया कि मुख्यमंत्री सबसे पहले इंदिरा चौक पर नवनिर्मित त्रिशूल का लोकार्पण करेंगे और उसके पश्चात वह एक विशाल शिव बारात के साथ गांधी पार्क पहुंचेंगे, जहां वह विशाल जनसमूह को संबोधित करेंगे। महोत्सव के पहले दिन शाम को गांध ी पार्क में श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल की ओर से आयोजित होने वाले विशाल श्री शिव जागरण का शुभारंभ भी मुख्यमंत्री द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर किया जाएगा। 14 फरवरी से 23 फरवरी तक चलने वाले इस कार्निवल में प्रतिदिन शाम को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी, जिसमें कई नामचीन कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। निरीक्षण के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल के अध्यक्ष अजय चड्डा, राजन राठौर, अमित अरोरा बॉबी, करुण गुप्ता, विवेकदीप सिंह सहित नगर निगम के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे

# पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर 'मिंटू' ने गिनाई उपलब्धियां

गदरपुर(उद संवाददाता)।नगर पालिका कार्यालय में बुधवार को मा० अध्यक्ष श्री मनोज गुम्बर 'मिंटू' द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। दोपहर 1 बजे आयोजित वार्ता में अध्यक्ष ने नगर विकास कार्यों, महाशिवरात्रि पर्व की व्यवस्थाओं तथा आगामी बहुउद्देशीय शिविर को लेकर विस्तृत जानकारी दी।अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर नगरवासियों को बधाई देते हुए बताया कि पिछले एक वर्ष में नगर के सभी 11 वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए गए। उन्होंने बताया कि कुल 8 करोड़ 58 लाख 27 हजार रुपये की लागत से सड़कों एवं पार्कों का निर्माण, नालियों का निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किए गए हैं। उन्होंने दोहराया कि गदरपुर को आदर्श नगर बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।आगामी 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व के दृष्टिगत अध्यक्ष ने बताया कि हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों की भारी संख्या गदरपुर मार्ग से होकर गुजरती है। श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए 15 फरवरी तक यात्रा मार्ग पर स्थित सभी मांस-मछली की दुकानें एवं संबंधित रेस्टोरेंट पूर्णतः बंद रहेंगे। इस अवधि में किसी भी प्रकार का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड सरकार के "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत पूर्व निर्धारित 13 फरवरी का बहुउद्देशीय शिविर अब अपरिहार्य कारणों से 19 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे थाने के समीप पार्किंग क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। इस विशाल शिविर में 23 विभागों की सहभागिता रहेगी। शिविर में राशन कार्ड, यूसीसी, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जाति/स्थायी/ आय प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर प्रदान किया जाएगा। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि जिला विकास प्राधिकरण द्वारा थाने के समीप निर्मित पार्किंग को शीघ्र ही नगर पालिका को हस्तांतरित किया जाएगा। वहां सार्वजनिक शौचालय का निर्माण भी कराया जाएगा तथा नगर के सभी वार्डों में स्थित सार्वजनिक शौचालयों का कायाकल्प कर स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान अध्यक्ष ने नगरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन और जनता के सामूहिक प्रयास से ही गदरपुर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित नगर बनाया जा सकता है।



# चुराई गई स्कूटी बरामद

काशीपुर। 48 घंटे से भी कम समय में कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से चुराई गई स्कूटी को बरामद करते हुए शातिर किस्म के चोर को पकड़कर आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।



बीते 8 फरवरी को कुर्मांचल कॉलोनी काशीपुर निवासी उमेश पांडे पुत्र देवी दत्त पांडे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी एक्टिवा स्कूटी संख्या यूके18 -6417 अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मौका मुआयना करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसी टीवी कैमरा की फुटेज के आधार पर48 घंटे से भी कम समय में मोहल्ला श्यामपुरम गौतमी हाइट्स के पीछे थाना आईटीआई निवासी हिमांशु आर्य पुत्र चंदन राम आर्य को तत्परता दिखाते दबोच कर निशानदेही पर चुराई गई स्कूटी बरामद कर लिया।

# इंस्पायर मानक अवार्ड में रेनबो के छात्र का राज्य पर चयन

## शिक्षकों के लिए बहुउद्देशीय मंच मॉडल ने जिले के शीर्ष 15 नवाचारी मॉडलों में बनाई जगह

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रेनबो पब्लिक स्कूल के कक्षा 11 विज्ञान वर्ग के छात्र देश रत्न श्रीवास्तव ने इंस्पायर मानक अवार्ड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए अपनी जगह पक्की की है। किच्छा के कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज में आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 187 विद्यार्थियों ने अपने नवाचारी मॉडलों के साथ प्रतिभाग किया था, जिसमें से केवल 15 सर्वश्रेष्ठ मॉडलों का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया। देश रत्न श्रीवास्तव ने इस प्रतियोगिता में 'मल्टीपर्पज डायस फॉर टीचर्स' (शिक्षकों के लिए बहुउद्देशीय मंच) नामक एक उपयोगी एवं आधुनिक मॉडल प्रस्तुत किया, जिसकी निर्णायक मंडल ने काफी सराहना की।छात्र ने इस महत्वपूर्ण मॉडल का निर्माण विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या स्मिता पाठक के कुशल मार्गदर्शन में किया। इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक संजीव कुमार ने देश रत्न श्रीवास्तव को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने स्मिता पाठक की कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन की भी विशेष रूप से प्रशंसा की। विद्यालय के प्रध ानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल ने इस सफलता को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि दृढ़ निश्चय, कठिन परिश्रम और सही दिशा में किए गए मार्गदर्शन से किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे और छात्र की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## लापता बच्चे, महिलाएं और लड़कियां

देश भर में हर साल बड़ी संख्या में लोग लापता हो जाते हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे, महिलाएं और लड़कियां शामिल होती हैं। इस वर्ष जनवरी के पहले पखवाड़े में दिल्ली से आठ सौ से अधिक लोगों के लापता होने की खबरों ने इस मसले की गंभीरता को फिर से उजागर किया है। मगर हैरत की बात है कि इस आपराधिक समस्या से निपटने के लिए अब तक राष्ट्रीय स्तर पर कोई एकीकृत प्रयास होते नजर नहीं आए हैं। यहां तक कि लापता होने की घटनाएं और उनमें से कितने लोगों को ढूंढ़ लिया गया तथा ऐसे मामलों के पीछे किसका हाथ था, इसका एकीकृत राज्यवार ब्योरा भी मुश्किल से दर्ज हो पाता है।यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को इस मसले पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से कहा कि वह इस बात का पता लगाए कि देश के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी देशव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है। इसके लिए तमाम राज्यों से ऐसे मामलों की संख्या और कार्रवाई का ब्योरा संकलित कर उनका विश्लेषण करने का निर्देश भी दिया गया है।गौरतलब है कि देश भर में बच्चों की गुमशुदगी के मामलों से संबंधित आंकड़ों के संकलन के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से एक पोर्टल बनाया गया है, जिस पर सभी राज्य ऐसी घटनाओं का ब्योरा दर्ज करा सकते हैं। मगर, इस प्रक्रिया में भी सरकारी तंत्र की उदासीनता साफ देखी जा सकती है। केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में खुद यह बात स्वीकार की है कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और उनसे संबंधित अभियोजन से जुड़े आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं। दरअसल, पिछले वर्ष दिसंबर में शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को लापता बच्चों के सिलसिले में छह साल के राष्ट्रव्यापी आंकड़े उपलब्ध कराने और ऐसे आंकड़ों के संकलन में राज्यों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने को कहा था। इससे पहले राज्यों को बच्चों की गुमशुदगी के मामलों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का निर्देश भी दिया गया था। इसके बावजूद अगर राज्यों की ओर से संबंधित ब्योरा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, तो इससे सरकारी तंत्र में व्यवस्थागत खामियों का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इसमें दोराय नहीं कि देश की राजधानी दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों में विशेषकर बच्चों, महिलाओं और लड़कियों के लापता होने की घटनाएं जितनी बड़ी संख्या में सामने आ रही हैं, उससे इस आशंका को दरकिनार नहीं किया जा सकता है कि इसके पीछे देशव्यापी या राज्य स्तरीय गिरोहों का हाथ हो सकता है। इस मसले की गंभीरता का अंदाजा राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट से लगाया जा सकता है, जिसके मुताबिक, वर्ष 2023 में देश भर में आठ लाख से ज्यादा लोग लापता हुए थे। दिल्ली जैसे बड़े शहरों में यह समस्या ज्यादा गंभीर है। ऐसे में जरूरी है कि हर राज्य अपनी जिम्मेदारी को समझे और लापता होने के मामलों में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## संजना मंडल को मिला प्रतिष्ठित नन्दाशिखर सम्मान 2026

### मुख्यमंत्री ने सामाजिक सेवा के लिए किया सम्मानित

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवनगर निवासी संजना मंडल ने अपनी मेहनत और सेवा भावना से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्हें सामाजिक सेवा एवं ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित नन्दाशीखर सम्मान 2026 से नवाजा गया है। यह सम्मान सेवा संकल्प (धारिणी) फाउंडेशन द्वारा आयोजित उत्तरायणी कौथिक महोत्सव-2026 के भव्य अवसर पर प्रदान किया गया। देहरादून में आयोजित इस गौरवशाली कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने कर-कमलों से संजना मंडल को यह पुरस्कार भेंट कर उनका अभिनंदन किया। संजना मंडल का यहाँ तक का सफर संघर्ष और प्रेरणा की एक अद्भुत मिसाल है। फाउंडेशन द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र के अनुसार, संजना ने अपने जीवन की शुरुआत कठिन परिस्थितियों में दिहाड़ी मजदूरी से की थी। वर्ष 2021 में



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर उन्होंने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाया। उन्होंने न केवल सब्जी उत्पादन और दुग्ध व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया, बल्कि अपनी सफलता से क्षेत्र की अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी आत्मनिर्भरता और आजीविका के नए मार्ग दिखाए। उनकी उपलब्धियां केवल आर्थिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहीं; उन्होंने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और नशामुक्ति जैसे गंभीर विषयों पर निरंतर जागरूकता अभियान चलाए। सेवा संकल्प फाउंडेशन की संस्थापक गीता धामी ने संजना के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका संघर्ष समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत है। संजना मंडल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय निवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

## संदिग्ध अवस्था में अधेड़ व्यक्ति ने की आत्महत्या

गदरपुर (उद संवाददाता)।थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महतोष के पास संजय नगर में एक व्यक्ति द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। बुधवार को ग्राम संजय नगर में गेहूं के खेतों के बीच मेड किनारे पॉपुलर के पेड़ पर लगभग 50 वर्षीय दयाल सरकार पुत्र भक्ति रंजन सरकार का शव केबिल के तार से बने फंदे पर लटका मिला। दयाल सरकार बीती मध्य रात्रि घर से निकला था और वापस नहीं लौटा था। ग्रामीणों और परिजनों की मदद से शव को नीचे उतारा गया। इस बीच सूचना पर प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक और महतोष चौकी प्रभारी मुकेश मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## दिनेशपुर में ड्रग इंस्पेक्टर ने की छापेमारी

दिनेशपुर। ड्रग इंस्पेक्टर की एक टीम ने नगर के तमाम मेडिकल स्टोरो का किया निरीक्षण। इस दौरान तीन मेडिकल स्टोर में अनियमितता मिलने पर उन्हें तत्काल बन्द करा दिया गया। टीम के निरीक्षण से दवा विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा। टीम ने बताया दवा विक्रेताओं के यहाँ सीसीटीवी अनियवार्य किया गया है। जिसका निरीक्षण कर विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को जिले के वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार के आदेशों पर औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला और निधि नगर पहुंची जहां उन्होंने गूलरभोज मार्ग स्तिथ बालाजी मेडिकल स्टोर का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान अनियमितता मिलने पर उसे बंद करने के आदेश दिए। टीम बाद में सती मेडिकल स्टोर और ओम जय मेडिकल पर पहुंची जहां तमाम अनियमितता पाए जाने पर उसे तत्काल बन्द करा कर उन्हें नोटिस जारी किए गए। निरीक्षण की खबर सुन नगर के दवा विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान टीम ने कहा मेडिकल स्टोर पर दवा को सीसीटीवी की निगरानी में बेचने का आदेश है। ऐसे में सभी मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर सुनिश्चित किया जा रहा है। कि सीसीटीवी लगा है अथवा नही, साथ ही अन्य नियमों पर भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा अनियमितता मिलने पर तीन मेडिकल स्टोर पर दवा की बिक्री पर रोक लगा। कर उन्हें नोटिस जारी किया गया है।

## रकम दुगना करने वाले शख्स को पुलिस ने उठाया

काशीपुर। तंत्र-मंत्र की शक्ति व रूहानी ताकतों के जरिए रकम को दोगुना करने वाले एक शख्स को आईटीआई पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि पकड़े गए शख्स ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान आसपास के गांवों के दर्जनों लोगों का करोड़ों रुपया डबल करने के नाम पर हजम कर लिया। ग्राम धीमरखेड़ा थाना आईटीआई निवासी एक व्यक्ति पर आरोप है कि उसके द्वारा क्षेत्र के दर्जनों लोगों का करोड़ों रुपया दोगुना करने के नाम पर हड़प कर लिया गया है। सूत्रों का कहना है कि शातिर दिमाग शख्स ने अपने एजेंटों के जरिए इस तरह के लोगों को जाल में फंसने का काम करता है जो भूत प्रेत व तांत्रिक शक्तियों पर विश्वास करते हैं। ग्राम बरखेड़ा पांडे, बांसखेड़ा समेत आसपास के गांव के कुछ लोगों से इस बारे में जानकारी जुटाने पर पता चला है कि लोगों की आंख में धूल झोंककर रकम दुगना करने वाले शख्स ने शुरुआती दौर में कुछ लोगों के पैसे दोगुने कर दिए। जिनकी रकम दुगनी हुई उन्होंने अफवाह जंगल में आग की तरफ फैला दी। उधर दूसरी ओर नटवरलाल गैंग के कुछ गुर्गे भी लोगों को जाल में फंसाने के लिए मुल्लाजी की चमत्कारी शक्तियों का प्रचार करने लगे। देखते ही देखते मुल्लाजी के पास रकम दो गुना करने वालों की लाइन लगने लगी।

## 46वीं वाहिनी पीएसी का 34वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न

### डीआईजी यशवंत सिंह चौहान ने विजेताओं को किया सम्मानित, लकी ड्रॉ में कांस्टेबल ने जीती स्कूटी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। 46वीं वाहिनी पीएसी का 34वां स्थापना दिवस समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीआईजी एवं 31वीं वाहिनी के सेनानायक आईपीएस यशवंत सिंह चौहान ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। वाहिनी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के बीच जबरदस्त उत्साह और सौहार्द देखने को मिला। खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत वाहिनी के बच्चों और टीम के बीच वॉलीबॉल का मुकाबला हुआ, जबकि महिलाओं के लिए आयोजित रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही।सांस्कृतिक संध्या में उपसेनानायक (आईआरबी प्रथम) विमल कुमार आचार्य की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं वाहिनी के बच्चों ने लोक कलाओं पर आधारित कार्यक्रम पेश कर समां बांध दिया। इस अवसर पर डीआईजी की धर्मपत्नी ने भी विजेताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में 31वीं वाहिनी के उपसेनानायक मिथलेश कुमार, 46वीं वाहिनी के उपसेनानायक बीर सिंह, सहायक सेनानायक प्रतिमा भट्ट, सहायक सेनानायक तपेश कुमार और शिविरपाल बीएस बजेली सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। **लकी ड्रॉ में चमकी किस्मत :** समापन समारोह का सबसे रोमांचक क्षण लकी ड्रॉ रहा। वाहिनी के बच्चों ने कूपन निकालकर विजेताओं की घोषणा की। इसमें प्रथम पुरस्कार श्स्कूटीश कांस्टेबल भूपेंद्र राम (46वीं वाहिनी) ने जीती। द्वितीय पुरस्कार श्आईफोनश कांस्टेबल कैलाश नाथ की पुत्री हर्षिता गोस्वामी के नाम रहा, जबकि तृतीय पुरस्कार श्लैपटॉपश सिडकुल चौकी के नितिन कुमार ने जीता। इसके अलावा कई अन्य आकर्षक पुरस्कार भी वितरित किए गए।

## प्रीत विहार में दिनदहाड़े उड़ाई नकदी और जेवर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत प्रीत विहार (फाजलपुर महरौला) में एक घर को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े हजारों की नकदी और सोने-चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है, जिसमें एक संदिग्ध युवक बाउंड्री वॉल फांदकर घर में घुसता दिखाई दे रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या 25 प्रीत विहार निवासी शैलेश कुमार तिवारी पुत्र रमाशंकर तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 25 जनवरी को दोपहर करीब 1:30 बजे वह घर पर ताला लगाकर किसी काम से तीनपानी गए हुए थे। उस वक्त परिवार का कोई अन्य सदस्य घर पर मौजूद नहीं था। शाम करीब 5:00 बजे जब वह वापस लौटे, तो घर के अंदर का नजारा देखकर दंग रह गए। कमरे का लकड़ी वाला गेट खुला हुआ था, जबकि ताला कुंडे में ज्यों का त्यों लटका मिला। पीड़ित ने जब अलमारी की दराज चेक की, तो उसमें रखे 20 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। चोरी गए सामान में एक जोड़ी चांदी की पायल, सोने का मंगलसूत्र, गले की चेन, कान के छल्ले और अंगूठी शामिल हैं। इसके अलावा लैपटॉप बैग में रखे 49 हजार रुपये भी चोरी कर लिए गए। पीड़ित के अनुसार, चोर ने जेवरात के डिब्बे पलंग पर ही छोड़ दिए और कीमती सामान समेट कर चंपत हो गया। घटना के बाद जब पीड़ित ने पड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो दोपहर करीब 2:38 बजे एक व्यक्ति घर की उत्तर दिशा वाली बाउंड्री वॉल फांदकर अंदर घुसता हुआ दिखाई दिया। मानसिक तनाव और पत्नी की अनुपस्थिति के कारण पीड़ित ने तहरीर देने में कुछ दिनों का विलंब किया।

## दुकान के अंदर रंगे हाथ दो सट्टेबाज गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप पुलिस ने शमशान घाट क्षेत्र में अवैध रूप से जुआ और सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से दो सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है, जो श्तितली-कबूतरश और श्छतरी-फुटबॉलश जैसी आकृतियों वाली फ्लेक्सी के जरिए सट्टे का अवैध धंधा संचालित कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा उपकरण और नकदी बरामद की है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली ट्रांजिट कैंप के उपनिरीक्षक महेश कांडपाल तीनपानी डैम के पास चेकिंग पर तैनात थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शमशान घाट के पास चारदीवारी के अंदर एक दुकान में कुछ लोग अवैध रूप से सट्टे का खेल करवा रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। दुकान के अंदर से श्दस लगाओ सौ पाओश जैसी आवाजें सुनाई दे रही थीं। पुलिस को देखते ही वहां भगदड़ मच गई, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर दो अभियुक्तों को मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुमीत गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता और राजकुमार सागर पुत्र इन्दर सागर, निवासी शिवनगर वार्ड नंबर 8, ट्रांजिट कैंप के रूप में हुई है। पुलिस को मौके से एक रंग-बिरंगी फ्लेक्सी बरामद हुई, जिस पर छतरी, फुटबॉल, तितली, कबूतर और खरगोश जैसी आकृतियां बनी थीं। इसके साथ ही एक पीला लॉटरी चार्ट, सट्टा पर्चियां और कुल 1260 रुपये की नकदी बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे परिवार के भरण-पोषण के लिए सट्टे का खेल खिलवाते हैं। पुलिस ने आरोपियों को धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई के दौरान साक्ष्य के तौर पर मौके की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी की गई। पुलिस ने बरामद सामान को सील कर दिया है और आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## 41 वीं बार रवाना हुए कांवर यात्रा पर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र तीन शिव भक्त इस वर्ष 41 वीं बार महा शिवरात्रि पर्व पर गंगा जल लेने के लिए हरिद्वार कांवर यात्रा पर रवाना हुए हैं। शिव भक्त आवास विकास रूद्रपुर निवासी ओमप्रकाश अरोरा, फुलसुंगा निवासी बलविन्दर सिंह कालरा



व गदरपुर निवासी अनुभव लोहिया इस बार लगातार 41 वीं बार महा शिवरात्रि पर्व पर गंगा जल लेने के लिए बुधवार को हरिद्वार कांवर यात्रा पर रवाना हुए हैं। जो हरिद्वार से गंगा जल लेकर पैदल चलते हुए आगामी 14 फरवरी को वापस लौटेंगे और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे।

## धोखाधड़ी करने वाली फर्म पर जिला उपभोक्ता फोरम का डंडा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला उपभोक्ता फोरम ने ग्राहक के साथ धोखाधड़ी करने वाली एक कंप्यूटर फर्म को कड़ी फटकार लगाते हुए पीड़ित को भुगतान करने के आदेश दिए हैं। मामले के अनुसार, 46वीं वाहिनी पीएसी निवासी जीवन सिंह कनवाल ने 7 जनवरी 2024 को पाल कंप्यूटर से एक नया सीपीयू खरीदा था। फर्म ने 10 हजार रुपये के कोटेशन के साथ पुराना सीपीयू एक हजार रुपये में वापस लिया था और पीड़ित ने शेष 7800 रुपये का भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया था। मात्र दो दिन बाद 9 जनवरी को जब सीपीयू खराब हुआ और उसे खोला गया, तो उसके अंदर के पार्ट्स पुराने और जंग लगे हुए मिले।पीड़ित द्वारा शिकायत करने पर जब फर्म स्वामी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और आनाकानी करने लगा, तो जीवन सिंह ने जिला उपभोक्ता फोरम की शरण ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरम के अध्यक्ष राजीव कुमार खरे, सदस्य नवीन चंद्र चंदोला और डॉ. मनीला की खंडपीठ ने फर्म को दोषी पाया। फोरम ने प्रतिवादी को आदेश दिया कि वह 45 दिन के भीतर पीड़ित को सीपीयू की कीमत के 9900 रुपये लौटाए। साथ ही उपभोक्ता को हुई मानसिक प्रताड़ना के बदले 5000 रुपये की क्षतिपूर्ति और 2000 रुपये वाद व्यय के रूप में भुगतान करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

KRIBHCO

**कृषक भारती को-आपरेटिव लिमिटेड ( कृभको )**
**बीज उत्पादन इकाई, रुद्रपुर ( उत्तराखंड )**

**गेहूँ बीज छानस ( अंडर-साइज ) की बिक्री हेतु निविदा सूचना**

कृषक भारती कोआपरेटिव लि०, रुद्रपुर की बीज उत्पादन इकाई के आजादनगर, किच्छा स्थित गोदाम में गेहूँ बीज छानस (अंडर-साइज) की कुल मात्रा 1607.11 कुंटल वर्तमान बीज विधायन सत्र के दौरान प्राप्त हुआ है। गेहूँ बीज छानस की उक्त मात्रा को सील बंद निविदा प्रक्रिया के द्वारा जहाँ और जैसा है की स्थिति में है, के आधार पर बिक्री किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्भार की निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाली पार्टी का जी०एस०टी० में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाली पार्टियाँ किसी भी कार्य दिवस में कृभको की अधिकारिक ई-मेल पता smokribhcoddn@yahoo.co.in. के माध्यम से निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा में आवश्यक नियम एवं शर्तों के प्रपत्र प्राप्त कर सकती है। जिन्हें पूर्ण रूप से भरकर किसी भी कार्य दिवस में कृभको राज्य विपणन कार्यालय के निम्न पते पर डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 25.02.2026 समय सांय 06:00 बजे तक जमा कराये जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे निविदा के साथ धरोहर धनराशि रु. 25,000.00 को RTGS/NEFT/IMPS/DD के माध्यम से निविदा प्रारूप में अंकित कृभको के बैंक खाते में हस्तांतरित करने होंगे एवं अधिकतम दरों वाले निविदा दाता को गेहूं बीज छानस की मात्रा को उठाने से पूर्व स्थानीय मण्डी समिति किच्छा में नियमानुसार मण्डी शुल्क जमा कर रसीद की प्रति कृभको को उपलब्ध करानी होगी। उपरोक्तानुसार अंतिम तिथि व समय तक प्राप्त निविदाओं को गठित कमेटी द्वारा दिनांक 26.02.2026 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे इच्छुक निविदा दाताओं के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा प्रक्रिया को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

राज्य विपणन प्रबंधक
30, आकाशदीप कॉलोनी, चकराता रोड, देहरादून,
उत्तराखंड, पिन कोड- 248001
फोन न० 0135-2539294
ई-मेल पता- smokribhcoddn@yahoo.co.in

# गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस पर विद्यार्थियों को बताए गए बलिदान के प्रेरक प्रसंग

रुद्रपुर। भारत विकास परिषद, रुद्रपुर शाखा द्वारा कोलंबस पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर में गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा अध्यक्ष आनंद अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता मनोज अरोड़ा द्वारा दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत के साथ किया गया।इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं शाखा समन्वयक श्री मनोज अरोड़ा ने छात्र-छात्राओं को गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, तपस्या और बलिदान से जुड़े प्रेरक प्रसंगों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव जतिन अग्रवाल ने किया। इस दौरान शाखा अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, सचिव जतिन अग्रवाल, शाखा समन्वयक मनोज अरोड़ा, संजीव अरोड़ा, राहुल सिंघल सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।





# नगर पंचायत में एडीएम ने सुनी जनताकी समस्याएं

नानकमत्ता। जन-जन की सरकार जन-जन के द्वारा के तहत नगर पंचायत नानकमत्ता के सभागार में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सिंचाई विभाग विद्युत विभाग की समस्या छाई रही। नगर पंचायत के सभागार में एडीएम कोशतुभु मिश्रा की अध्यक्ष अध्यक्षता में समस्याएं सुनी गई। दोपहर तक करीबन एक दर्जन से अधिक समस्याएं आ चुकी थी जिनका पंजीकरण कर संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए गए। ग्राम कैथुलिया के फुला सिंह ने सिंचाई विभाग से संबंधित समस्या उठाई जिस पर एडीएम ने 10 दिन के भीतर जेई को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। पूर्व प्रधानाचार्य बलदेव सिंह हरियान ने सीसी रोड बनाने की मांग की। भाजपा मंडल अध्यक्ष ओम नारायण राणा ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों में गढ़ों की समस्या को उठाते हुए उठाते हुए कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद भी गड्डों की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। कैंप में बिजली, पानी, राशन कार्ड,सड़क आदि के मुद्दे छाए रहे। इस मौके पर उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह जुवाठा, पूर्व विधायक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, जगदीश जोशी, ओम नारायण राणा विकास गुलाटी, खंड विकास, अधिकारी सी आर आर्य, विशाल गोयल, गौरव वर्मा, सुरंजन राय, आदि मौजूद थे।



# बीमा निगम कर्मी रहे हड़ताल पर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केन्द्र सरकार की श्रमिक नीतियों के विरोध में आज केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आहवान पर ऑल इंडिया इंश्योरेंस इम्पलाईज यूनियन के बैनर तले जीवन बीमा कार्यालय स्थानीय शाखा के सभी तृतीय व चतुर्थ कर्मी हड़ताल पर रहे। जिससे कार्यालय में कामकाज पूरी तरह से ठप्प रहा। इस दौरान कार्यालय में कार्य के लिए आये पालीसी धारकों को मायूस होकर लौटना पड़ा। आन्दोलित कर्मचारियों ने कार्यालय गेट पर अपनी मांगों लेकर नारेबाजी के साथ जोरदार प्रदर्शन भी किया। कर्मचारी नेता उपदेश सक्सेना ने कहा कि आज की हड़ताल केन्द्र सरकार की दमनकारी श्रम संहिताओं, सार्वजनिक क्षेत्र के बीमा उद्योग को कमजोर करने के अभियान, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के विनिवेश के खिलाफ सहित एलआईसी में तत्काल भर्ती करने व कर्मचारियों व उद्योग से जुड़के मुद्दों पर यूनियन के साथ नियमित व व्यवस्थित वार्ता सत्र आयोजित करने को लेकर की गई है। इस दौरान शाखा अध्यक्ष संजय शाह, सचिव अजय आर्या, राहुल मिश्रा, जीवन जोशी, प्रेम राम, दीपा चन्द्रा, राहुल, नैनी गोपाल, अजय सक्सेना, रमेश कर्नाटक, प्रियंका कुमारी व सपना मोंगिया आदि बीमा कर्मी मौजूद रहे।



# श्री रामलीला पात्र परिषद की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

खटीमा । सनातन श्री रामलीला पात्र परिषद खटीमा की सनातन धर्मशाला में संपन्न हुई बैठक में सर्वसम्मति से सभी कार्यकारिणी सदस्यों के सम्मुख श्री रामलीला पात्र परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसके अंतर्गत आगामी कार्यक्रमों के लिए गौरी शंकर अग्रवाल को अध्यक्ष पद हेतु एवं इंद्रेश गुंबर को सचिव पद हेतु नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान आगामी 4 मार्च को धूमधाम के साथ होली महोत्सव मनाने का निर्णय भी लिया गया। इस अवसर पर श्री रामलीला पात्र परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष अध्यक्ष राजेश गुप्ता, संरक्षक दान सिंह रावत, राजीव अग्रवाल, विजय गुप्ता, दीपक गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, मनोज वाधवा, रमेश ढींगरा, विशाल अग्रवाल, भगवान दास गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, रविंद्र श्रीवास्तव आदि कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।



# ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से किशोरी लापता

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत अटरिया रोड से एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों की काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से ग्राम नूरपुर, पीलीभीत (उत्तर प्रदेश) निवासी राजा राम वर्तमान में ट्रांजिट कैंप के अटरिया रोड क्षेत्र में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीते 2 फरवरी 2026 की रात करीब 3:00 बजे उनकी 16 वर्षीय पुत्री अनुराधा बिना बताए कमरे से कहीं चली गई। परिजनों ने जब घर की तलाशी ली, तो पता चला कि वह अपने साथ अपना आधार कार्ड और घर में रखे 5000 रुपये नकद भी ले गई है। घटना के बाद से ही परिजन उसकी संभावित ठिकानों और रिश्तेदारों के यहां तलाश कर रहे थे, लेकिन सफलता न मिलने पर उन्होंने पुलिस की शरण ली। ट्रांजिट कैंप पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और किशोरी की बरामदगी के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## पेज एक का शेष...

**उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ...**तक विकास पहुंच रहा है। सीएम ने कहा कि मिट्ठीबेरी-परवल मार्ग का चौड़ीकरण स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे आज धरातल पर उतारा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सहसपुर की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिलान्यास किए गए कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। सीएम ने महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य का भविष्य हमारी मातृशक्ति और युवा पीढ़ी के हाथों में सुरक्षित है। जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ ने धामी भाई जिंदाबाद के नारों के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया, जहाँ स्थानीय विधायक और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**चुनाव के लिए माहौल...**प्रीतम सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय केवल शैक्षणिक संस्थान के लिए भूमि आवंटन की सामान्य प्रक्रिया अपनाई गई थी। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि भूमि का दुरुपयोग हो रहा है तो कार्रवाई करना वर्तमान सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार केवल राजनीति कर रही है। कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि राजधानी देहरादून में महज 14 दिनों के भीतर चार हत्याएं होना सुरक्षा व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में खनन, शराब और भू-माफिया हावी हैं और महिला अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, लेकिन सरकार मौन साधे हुए है। 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर प्रीतम सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी और जनता अब बदलाव के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि बेरोजगारी और चरमराई कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस 16 फरवरी को राजभवन कूच करेगी। टिकट वितरण के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह केंद्रीय नेतृत्व का निर्णय होता है और पार्टी हमेशा जीतने वाले प्रत्याशी पर ही दांव लगाती है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे।

**ऐतिहासिक होगा एक साल..**स्वयं सहायता समूहों को निशुल्क आवंटित किए जा रहे हैं ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में 15 फरवरी से 23 फरवरी तक गांधी पार्क में प्रतिदिन विभिन्न रंगारंग आयोजन होंगे। 15 फरवरी की शाम संकल्प खेतवाल और हरीश भट्ट अपने गीतों से समां बांधेंगे, जबकि 16 फरवरी को सैंड आर्ट के अद्भुत प्रदर्शन के साथ जस्सी गिल और बब्बल राय की जोड़ी युवाओं का मनोरंजन करेगी। 17 फरवरी को इमान चक्रवर्ती का गायन और एनसी सरकार का जादुई शो आकर्षण का केंद्र रहेगा। 18 फरवरी को हिमनात और बंटी राणा अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे, वहीं 19 फरवरी को रूपेश मिश्रा और श्वेता मेहरा मंच साझा करेंगे। 20 फरवरी की शाम लोक संस्कृति के नाम रहेगी जिसमें गोविंद दिगारी, खुशी दिगारी और फौजी ललित मोहन जोशी कुमाऊंनी धुनों की प्रस्तुति देंगे। 21 फरवरी को श्साधो बैंडश और श्रीराम कला केंद्र की रामलीला का मंचन होगा। 22 फरवरी को विख्यात गायक पवनदीप राजन और जितेंद्र तोमक्याल अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरेंगे और 23 फरवरी को 'पांडवा बैंड' की भव्य प्रस्तुति के साथ इस महोत्सव का समापन होगा। महापौर ने भविष्य की दूरगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नगर निगम जल्द ही महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए एक 'शी मार्ट' स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। इसके साथ ही कुमाऊं के उत्पादों को एक विशिष्ट पहचान दिलाने हेतु 'हिमालयाज' की तर्ज पर एक अलग ब्रांड विकसित किया जाएगा, जिसमें सरकारी समूहों और निजी कंपनियों के सहयोग से बड़े स्तर पर कार्य होगा। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल और राकेश सिंह सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**युवक युवती की पत्थर...**मामला आपसी रंजिश या प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की संभावना जताई जा रही है। लेकिन पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। बताया जा रहा है कि मृतक युवक के पास मिले साक्ष्य से उसकी पहचान चम्पावत निवासी होने की संभावना है। जबकि मृतका की पहचान ओखलकांडा निवासी लक्ष्मी के रूप की गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**अर्जुन हत्याकांड के ....**अनुसार, 11 फरवरी को तिब्बती मार्केट में भारत गैस एजेंसी के स्वामी अर्जुन शर्मा की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद एसएसपी अजय सिंह ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया था। पुलिस टीमें शहर से लेकर देहात तक लगातार नाकेबंदी और सघन चेकिंग अभियान चला रही थीं। इसी दौरान लालतप्पर पुलिस चौकी के पास स्कूटी सवार एक संदिग्ध को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग निकला। बदमाश पास ही एक खंडहर फैक्ट्री में घुस गया और पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी और उसे दबोच लिया गया। वहीं, दूसरी ओर रायपुर थाना क्षेत्र के लाडपुर जंगल के पास चेकिंग के दौरान दूसरे बदमाश ने भी पुलिस को देखते ही गोलियां झोंक दीं। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दूसरा बदमाश भी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी अजय सिंह तत्काल कोरोनेशन अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। एसएसपी ने बताया कि दोनों बदमाशों को अलग-अलग मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से अवैध हथियार व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है ताकि हत्या के पीछे के असल कारणों और किसी अन्य की संलिप्तता का पता लगाया जा सके।

**नशेड़ियों के अडडो पर** ब्बनाए रखने में सहयोग दिया। जैसे ही बुलडोजर ने जर्जर ढांचों को गिराना शुरू किया, वहां रह रहे आधा दर्जन से अधिक परिवारों ने हंगामा खड़ा कर दिया। कुछ महिलाओं ने आरोप लगाया कि उन्हें पूर्व में कोई नोटिस नहीं दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने यह भी दावा किया कि प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए यह कार्रवाई गैर-कानूनी है। हालांकि, जिला पंचायत के अधिकारियों ने इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि मामला न्यायालय में जरूर है, लेकिन माननीय कोर्ट द्वारा कोई श्स्टेश (स्थगन आदेश) निर्गत नहीं किया गया है। हंगामे को देखते हुए जिला पंचायत अधिकारियों ने मानवीय आधार पर शेष बचे भवनों में रह रहे लोगों को एक सप्ताह का समय देते हुए परिसर खाली करने के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने दोटूक कहा कि यदि निर्धारित समय में भूमि खाली नहीं की गई, तो दोबारा पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। जिला पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि इस भूमि पर जिला पंचायत परिषद द्वारा आधुनिक पार्किंग, व्यावसायिक भूखंड, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और एक विशाल हॉल बनाने का प्रस्ताव पहले ही पारित किया जा चुका है। यह परियोजना आम जनता की सुविधा के लिए बनाई जा रही है। जिला प्रशासन ने भी स्पष्ट किया कि जर्जर भवनों में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को देखते हुए इन ढांचों का हटाया जाना जनहित में अनिवार्य था। ध्वस्तीकरण की इस बड़ी कार्रवाई के दौरान तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने मौके पर मोर्चा संभाले रखा। उनके साथ जिला पंचायत के कार्य अधिकारी हरिमोहन, अभियंता मोहन सिंह बिष्ट, कर संवाददाता राहुल जोशी, वीरेंद्र, किच्छा पटवारी चंद्रशेखर आर्य, एसआई मनोज कुमार सिंह, देवराज सिंह, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला और चकबंदी कानूनगो अनिल कुमार सिंह सहित सैकड़ों कर्मचारी व पुलिसकर्मी तैनात रहे

**मामा ने साथी युवक....**दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां दिल्ली में रहकर काम करती है, जिन्हें पूरी बात बताने के बाद युवती ने पुलिस और सीएम पोर्टल पर गुहार लगाई, लेकिन महीनों तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। थक-हारकर पीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद अब जाकर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सीओ सितारगंज बीएस धौनी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और विवेचना जारी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# लोकसभा में सांसद अजय भट्ट ने पूछा शिक्षा से जुड़े दूरदर्शन चैनलों का ब्यौरा

देहरादून (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और सांसद अजय भट्ट ने लोकसभा सदन में सूचना और प्रसारण मंत्री से देश में शिक्षा के प्रसार हेतु दूरदर्शन द्वारा प्रसारित किए जा रहे चौनलों की संख्या को लेकर प्रश्न पूछा। उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि क्या उत्तराखंड में भी इन शैक्षणिक कार्यक्रमों का प्रसारण किया जा रहा है और यदि हाँ, तो उसका विस्तृत ब्यौरा क्या है। सांसद ने दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा की पहुँच को लेकर सरकार की योजना पर जानकारी मांगी। सदन में पूछे गए इस प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री ने बताया कि प्रसार भारती ने डीडी फ्री डिश डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) प्लेटफार्म पर शैक्षणिक चौनलों के प्रसारण हेतु भारत सरकार के भास्कराचार्य अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान (बीआईएसएजी-एन) के साथ एक समझौता ज्ञापन किया है। इस समझौते के अंतर्गत वर्तमान में डीडी फ्री डिश पर उत्तराखंड राज्य सहित देशभर में लगभग 320 को-ब्रांडेड शैक्षणिक चौनलों का सफल प्रसारण किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीडी फ्री डिश की पहुँच दूरस्थ, दुर्गम और सीमावर्ती क्षेत्रों सहित पूरे देश में है, जिससे उत्तराखंड के विद्यार्थियों को भी इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# तो भाजपा के 'सात महारथी' तय करेंगे 'सत्ताइस के समर' की दिशा?

## उम्रदराज विधायकों को चुनाव में उतारने को लेकर बीजेपी में मंथन शुरू,प्रदेश अध्यक्ष ने दिए सत्तर पार वाले नियम को शिथिल करने के संकेत

-अर्श-

देहरादून। सूबे में अगले साल प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी मिशन हैट्रिक पूरा कर पाएगी या नहीं ? यह काफी हद तक भाजपा के सात बुजुर्ग विधायकों पर निर्भर करेगा। उपरोक्त सातों भाजपा विधायक पिछले कई चुनाव से लगातार अपनी विधानसभा सीट जीतते चले आने के कारण पार्टी के सात स्तंभ माने जाते हैं। ये सातों विधायक सत्ताइस के विधानसभा चुनाव में सत्तर वर्ष की आयु पूरी कर लेंगे। लिहाजा, राजनीतिक प्रेक्षकों की नजर अब इस पर है कि नियमों एवं सिद्धांतों वाली सियासत के लिए जानी जाने वाली भारतीय जनता पार्टी सत्ताइस के समर को जीतने के लिए अपने सत्तर पार वाले नियम को शिथिल करती है या नहीं। जाहिर है कि अगर भारतीय जनता पार्टी ने टिकट वितरण मेंअपने सत्तर पार वाले नियम को लागू किया तो बीजेपी के सात बुजुर्ग विधायक सत्ताइस का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पाएंगे ।ऐसी स्थिति में भाजपा को बुजुर्ग विधायकों की विधानसभा सीट पर किसी नए चेहरे को चुनाव में उतरना होगा जो कि भाजपा की दृष्टि से अच्छा खासा रिस्की हो सकता है और भाजपा का मिशन सत्ताइस खतरे में पड़ सकता है। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी में ऐसा कोई बंधनकारी नियम नहीं है कि कोई राजनेता सत्तर वर्ष की आयु पूरी करने के बाद चुनाव नहीं लड़ सकता, लेकिन पार्टी के भीतर ऐसी आवाजें जब तब उठती ही रहती है कि सत्तर वर्ष की आयु पुरी करने के बाद राजनेता को सक्रिय राजनीति से



विश्राम दे दिया जाना चाहिये। लिहाजा, भाजपा में इन सातों बुजुर्ग विधायकों और उनकी विधानसभा सीट को लेकर मंथन आरंभ हो चुका है। भाजपा सूत्रों के अनुसार सत्तर साल की उम्र पार कर चुके इन विधायकों में से कई उम्र का हवाला दे कर अपने परिवार के किसी सदस्य के लिए टिकट की पैरवी कर रहे हैं ,मगर भाजपा हाईकमान एक भी सीट पर रिस्क लेने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में उम्र का हवाला दे रहे नेताओं को भी चुनाव के लिए तैयार रहने को भी कहा जा रहा है। सब से बड़ी वजह यह है कि ये विधायक पिछले कई सालों से अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव जीतते आ रहे हैं। सत्ताइस के विधानसभा चुनाव में भाजपा के जिन बुजुर्ग विधायकों की उम्र सत्तर से अधिक हो जाएगी ,उनमें नैनीताल जिले के कालाढूंगी से विधायक बंशीधर भगत, पिथौरागढ़ जिले डीडीहाट से विधायक बिशन सिंह चुफाल, पौड़ी गढ़वाल जिले के चौबट्टाखाल से विधायक सतपाल महाराज, देहरादून जिले के रायपुर से विधायक उमेश शर्मा काऊ, देहरादून जिले के कैंट से विधायक सविता कपूर, अल्मोड़ा जिले के जागेश्वर से विधायक मोहन सिंह मेहरा और नैनीताल जिले के रामनगर से विधायक दीवान सिंह बिष्ट प्रमुख हैं। हालांकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सत्ताइस के विधानसभा चुनावों के टिकट वितरण के लिए पार्टी की रणनीति पूरी तरह स्पष्ट कर दी है।उनके अनुसार भाजपा में टिकटों का निर्धारण केंद्रीय पार्लियामेंट्री बोर्ड करता है। हमारा काम हर सीट पर ऐसे चेहरों की तलाश करना है जिनके जीतने की सर्वाधिक संभावना है। पार्टी ने 2027 के चुनावों में जीत का लक्ष्य रखा है और उसी के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है।भट्ट ने बताया कि विधानसभा चुनावों से पहले कराए जा रहे सर्वे में प्रत्याशियों की उम्र को लेकर भी फीडबैक लिया जा रहा है। खासकर ऐसे मौजूदा विधायकों को लेकर सवाल किए जा रहे हैं जो खुद की बजाय परिवार में किसी के लिए टिकट की पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी का पूरा फोकस जिताऊ चेहरे पर है। अगर बुजुर्ग विधायकों के संबंध में पॉजिटिव फीडबैक आया तो एक बार फिर इन्हीं पर दांव लगाया जा सकता है।

## प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट का रुद्रपुर में भव्य स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष और देहरादून जिला पंचायत अध्यक्ष रुचि भट्ट के रुद्रपुर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और महिला कार्यकर्ताओं ने एक निजी होटल में पहुंचकर उन्हें बुके भेंट किया और उनका अभिनंदन किया। इस दौरान रुचि भट्ट ने संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की।प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि सरकार की महिला केंद्रित लाभकारी



योजनाओं के कारण मातृशक्ति का झुकाव भाजपा की रीति-नीति की ओर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं न केवल जागरूक हो रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रही हैं।इस अवसर पर प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जहां महिलाओं को वास्तविक सम्मान और उनकी योग्यता के आधार पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाती हैं। बैठक के दौरान संगठन के विभिन्न मुद्दों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी, कुमाऊं संयोजिका अंजू भुड्डी, जिलाध्यक्ष नीता सक्सेना, जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, दीपिका मित्तल, माही सकलानी, सौरव सैनी, राजेश कामरा, प्रीति धीर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 16 फरवरी को देहरादून कूच करेंगे सैकड़ों कार्यकर्ता

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी 16 फरवरी को कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित राजभवन घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महानगर कांग्रेस ने अपनी कमर कस ली है। इसी सिलसिले में महानगर अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में सिटी क्लब में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें घेराव की रणनीति और कार्यकर्ताओं की भागीदारी पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए ममता रानी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 16 फरवरी को पूरे प्रदेश के कांग्रेसी देहरादून में राजभवन का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन भाजपा सरकार की विफलताओं, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और बिगड़ती कानून व्यवस्था को उजागर करने के लिए किया जा रहा है। ममता रानी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि अब जनता भाजपा के झूठे वादों और बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने दावा किया कि आने वाला समय कांग्रेस



का है और प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए जनता कांग्रेस को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस हमेशा जाति और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रयास करती है। 16 फरवरी के कार्यक्रम में रुद्रपुर से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, पुष्कर राज जैन, मोहनखेड़ा, संदीप चीमा, मोनिका ढाली, संजीव रस्तोगी, उमा सरकार, सुमित राय, राजेश कुमार, नरेश सागर, अरविंद सक्सेना, राहुल कुमार, अबरार अहमद, निसार अहमद, मोहन भारद्वाज और बाला देवी सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

## बुक्सौरा सुक्ख पाड़ा में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ

रूद्रपुर। जनसंपर्क और विकास कार्यों की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने ग्राम बुक्सौरा सुक्ख पाड़ा में विकास कार्यों का आगाज किया। ठुकराल ने ग्राम प्रधान गगनदीप सिंह के साथ मिलकर काशी बनर्जी के घर से मंदिर तक और मुन्नी देवी के घर तक निर्मित होने वाली 150 मीटर सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का



विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। इस विकास कार्य की शुरुआत होने से स्थानीय ग्रामीणों को जलभराव और आवागमन की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांव की आंतरिक सड़कों और नालियों का सुदृढ़ीकरण बुनियादी जरूरत है और वे जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने ग्राम प्रधान और स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी क्षेत्र की विकास योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान करन रंधावा, राजेन्द्र मौर्य, पप्पू मौर्य, रूदल प्रसाद, अंजनी कुमार, होरी हाल्दार, सुदश्रन मौर्य, दरबारा सिंह, अजय नारायण सिंह, रेशम सिंह, निशित विश्वास, हैप्पी सिंह, वरूण सरकार, जग्गा रंधावा, जसपाल सिंह, देव चंद्र, शिंदर सिंह, सुक्खा सिंह, हरमन सिंह, पान सिंह, जय राम, याद राम, सुमरन, हरि सरकार, मुन्नी देवी, सुशीला राय, काशी बनर्जी, किरन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## राज किशन की आंखों से दो लोगों के जीवन में आएगी रोशनी

रुद्रपुर। कौशल्या एनक्लेव कॉलोनी निवासी स्वर्गीय श्री राज किशन जी के निधन के बाद उनके परिजनों द्वारा लिया गया नेत्रदान का निर्णय समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। उनके इस पुनीत कार्य से दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में प्रकाश आएगा और मानवता की सेवा की एक मिसाल कायम होगी।भारत विकास परिषद रुद्रपुर शाखा के अनुरोध पर यह नेत्रदान संपन्न कराया गया। परिषद के क्षेत्रीय महासचिव श्री नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में, नेत्रदान संयोजक श्री संजय कुमार (बालाजी) तथा सचिव श्री जतिन अग्रवाल की देखरेख में मुरादाबाद से आई नेत्र विभाग की टीम ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर स्वर्गीय श्री राज किशन जी की दान की गई आंखें (कॉर्निया) प्राप्त कीं।इस अवसर पर



परिवार की ओर से बलदेव नारंग, पूनम ग्रोवर (पत्नी), रवि ग्रोवर (पुत्र), काव्य ग्रोवर सहित अमित अरोड़ा, प्रीती अरोड़ा, सुमित अरोड़ा, प्रिया ग्रोवर, गौरव कुमार, रूपरानी, शीला रानी, वीर रानी और सुभाष चंद्र उपस्थित रहे। सभी ने इस महान कार्य के लिए नेत्रदानी परिवार का आभार व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति के लिए प्रार्थना की।भारत विकास परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि नेत्रदान केवल एक निर्णय नहीं, बल्कि किसी के जीवन से अंधकार मिटाने की प्रेरणा है। मृत्यु के बाद भी रोशनी बांटने का संकल्प ही सच्ची मानव सेवा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे आगे आकर नेत्रदान व अंगदान के प्रति जागरूक बनें और इस पुण्य कार्य को सामाजिक आंदोलन का रूप दें।




RUDRAPUR - 9927882338, Sony Center- 9927396666, KASHIPUR - Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI- Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, GEE AAR Elc. 9719077772, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, LOHAGHAT - 9568035735, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.